RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ●Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच


पेज 7 नीना गुप्ता की ईमानदारी मुझ....

वर्ष : 25 | अंक : 342 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शुक्रवार, 08 दिसंबर, 2023 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

# धर्म एक विस्तृत व्यवस्थाः योगी

## ग्रेटर नोएडा की निजी यूनिवर्सिटी में आयोजित दीक्षांत समारोह में हुए शामिल

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि धर्म एक विस्तृत व्यवस्था है। उपासना विधि को धर्म नहीं कहा जा सकता है। धर्म एक व्यापक अवधारणा है जो कर्तव्य, नैतिक मूल्यों तथा सच्चे मार्ग पर अनुसरण की प्रेरणा देता है। पूजा पद्धति किसी का व्यक्ति का व्यक्तिगत विषय हो सकता है। वह धर्म नहीं हो सकता है। मुख्यमंत्री आज ग्रेटर नोएडा में एक निजी यूनिवर्सिटी के पांचवें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

ग्रेटर नोएडा में एक निजी यूनिवर्सिटी के पांचवें दीक्षांत समारोह में पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां पौधारोपण किया। कार्यक्रम में मौजूद छात्रों को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज का दीक्षांत समारोह प्राचीन भारत के विश्वविद्यालयों व शिक्षण संस्थानों में होने वाले समावर्तन समारोह का ही परिवर्तित रूप है। प्राचीन भारत में नालंदा विश्वविद्यालय, तक्षशिला, विक्रमशिला काशी, कांची, अवंतिकापुरम आदि विश्वविद्यालय एवं शिक्षण संस्थान न सिर्फ शिक्षा ज्ञान अर्जन के प्रमुख केंद्र रहे हैं बल्कि शोध व विकास के भी सशक्त माध्यम रहे हैं। यही कारण है कि






भारत को दुनिया में विश्व गुरु कहा जाता था।

उन्होंने कहा कि इन विश्वविद्यालय द्वारा हर स्नातक से ज्ञान अर्जन के अलावा समाज परिवार व सामाजिक जीवन में यह अपेक्षा की जाती थी कि उनको कैसा आचरण करना है। इसी कारण भारत दुनिया में विश्व गुरु स्थापित हो पाया है। उन्होंने कहा आज मोदी जी भी आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने तथा विश्व गुरु बनाने की दिशा में जुटे हुए हैं। उन्होंने इसके लिए हर नागरिक से 'पंच प्रण' अपनाने की अपेक्षा की है ताकि भारत को विश्व गुरु बनाए जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर संस्थान को उद्योगों के साथ जोड़ना होगा तभी हम विकसित भारत की परिकल्पना कर सकते हैं। उन्होंने निजी विश्वविद्यालयों में 70 वर्ष के दौरान बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के प्रयासों के लिए यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति विनीत जैन का आभार जताया।

इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कुशाग्र रघुवंशी, **( शेष पृष्ठ-3 पर )**

# जेवर एयरपोर्ट के पास ठग कंपनी का बड़ा खेल

## राजनेताओं, अधिकारियों व फर्जी किसानों के साथ मिलकर की करोड़ों की ठगी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** जेवर में बन रहे जेवर एयरपोर्ट के पास कृषि भूमि खरीद कर उसमें प्लाटिंग का झांसा देकर करोड रुपए की ठगी का खेल खेला गया है। इस जलसाज कंपनी में राजनेता, फर्जी किसान, प्रशासनिक अधिकारियों का गठजोड़ बनाकर करोड़ों रुपए की ठगी की गई है। अब जब पीड़ित अपनी रकम वापस मांग रहा है तो उसे गंभीर अंजाम भुगतने की धमकी दी जा रही है।



धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश और विश्वासघात का शिकार बने गौरव शर्मा पुत्र बहुरे लाल शर्मा निवासी कैलाश धाम नोएडा, गोपेश रोहतगी पुत्र स्वर्गीय शिवकिशन रोहतकी निवासी प्रतीक एल्डेको नोएडा, यतीश अग्रवाल पुत्र कब अग्रवाल निवासी एटीएस इंदिरापुरम गाजियाबाद तथा शिल्पी अग्रवाल ने थाना सेक्टर-63 में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वर्ष 2022 में उनकी मुलाकात सचिन भाटी पुत्र बीएस भाटी निवासी सेक्टर 41 नोएडा, रविंद्र शर्मा पुत्र किशन शर्मा निवासी सूरजपुर से हुई थी। दोनों ने अपने को जमींदार और राजनीतिक पार्टियों के सदस्य के रूप में पेश किया था। अपनी धमक जमाने के लिए दोनों आरोपियों ने उन्हें अपने घर आमंत्रित किया और अपना राजनीतिक रसूख भी दिखाया। आरोपियों ने उनके सामने प्रस्ताव रखा कि उनकी जेवर एयरपोर्ट के पास कृषि भूमि खरीदने की योजना है क्योंकि जेवर एयरपोर्ट के पास काफी अच्छी संभावनाएं हैं।

आरोपियों ने झांसा दिया कि जेवर एयरपोर्ट के पास 100 से 200 बीघा जमीन खरीदकर उसे पर प्लाटिंग करके मोटा मुनाफा कमाया जाएगा। सचिन भाटी और रविंद्र शर्मा ने उन्हें बताया कि उनके पास स्थानीय दलालों, वकीलों, पटवारी तथा तहसीलदारों की एक बड़ी टीम है साथ ही स्थानीय राजनेता व किसान भी लेनदेन का काम कर रहे हैं। आरोपियों के झांसे में आकर पीडितों **( शेष पृष्ठ-3 पर )**

# 5 दिन से लापता व्यक्ति का नाले में मिला शव

**नोएडा ( चेतना मंच )।** पिछले 5 दिनों से लापता एक व्यक्ति का सड़ा-गला शव थाना सेक्टर-49 क्षेत्र के सेक्टर 51 के गंदे नाले से बरामद हुआ है। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करा रखी थी। पुलिस नाले में गिरने की वजह से मौत की आशंका जता रही है। मौत के सही कारणों का पता लगाने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

थाना प्रभारी राजकुमार गौतम ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि सेक्टर-51के पास नाले में एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नाले से निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। शव की पहचान करने के लिए आसपास के थाना क्षेत्र की पुलिस से संपर्क किया गया। इस दौरान पता चला कि थाना सेक्टर-24 में बलराम पुत्र स्वर्गीय घासीराम की गुमशुदगी लिखी हुई है। जानकारी मिलने पर पुलिस ने बरौला में रह रहे परिजनों को बुलाया तो उन्होंने शव की शिनाख्त बलराम के रूप में की। प्रारंभिक जांच में पता चला कि बलराम बीते 29 नवंबर को घर से पीएफ का कार्य करने के लिए मेरठ गया था। मेरठ में काम निपटाने के बाद वह बस से मोरना स्थित रोडवेज बस अड्डे पर उतरा था। आखरी बार **( शेष पृष्ठ-3 पर )**

# कान्वेंट स्कूल के अध्यापकों का लाखों का वेतन चोरी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के छलेरा गांव में चोरों ने एक कॉन्वेंट स्कूल के कार्यालय से 275000 रूपये चोरी कर लिए। स्कूल के वार्षिक समारोह और अध्यापकों के वेतन के लिए यह नगदी कार्यालय में रखी हुई थी। वही दादरी कोतवाली क्षेत्र के एक इंस्टीट्यूट से पांच आउटडोर यूनिट चोरी कर ली गई।

छालेरा गांव स्थित शैलजा कान्वेंट स्कूल के प्रधानाचार्य प्रवेश शर्मा ने बताया कि सुबह के समय जब वह स्कूल पहुंचे तो उन्हें



कार्यालय का गेट खुला हुआ मिला। वह जब स्कूल में बने अपने कार्यालय में पहुंचे तो उन्हें अपनी टेबल की दराज का लॉक टूटा हुआ मिला। दराज में रखे हुए 275000 रूपये गायब थे। प्रवेश शर्मा ने बताया कि यह पैसे स्कूल के वार्षिक समारोह और अध्यापकों के वेतन के लिए रखे हुए थे। इसके बाद उन्होंने स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरा की फुटेज देखी तो पता चला कि सुबह के समय दो युवक उनके कार्यालय का दरवाजा तोड़कर घुसे और उन्होंने टेबल की दराज में रखी नगदी चोरी कर ली। चोरी की इस घटना के दौरान चोरों ने कमरे में लगी लाइट नहीं जलाई और केवल मोबाइल फोन की फ्लैश लाइट का उपयोग किया। प्रधानाचार्य प्रवेश शर्मा ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज **( शेष पृष्ठ-3 पर )**

# जिला अस्पताल में संदिग्ध मौत

**नोएडा ( चेतना मंच )।** गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराए गए दो लोगों की उपचार के दौरान मौत हो गई। मौत के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस शवों का पोस्टमार्टम करा रही है।

सेक्टर 8 की जे जे कॉलोनी में रहने वाले (38 वर्षीय) जवाहर कुमार सोनी को मकान मालिक आशू ने गंभीर हालत में उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। उपचार के दौरान जवाहर कुमार सोनी की मौत हो गई। जिला अस्पताल से सूचना मिलने पर थाना फेस-1 पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा कर परिजनों को हादसे की जानकारी दे दी है। **( शेष-3 पर )**

# जन सेवा केंद्र का शटर तोड़ने वाले तीन दबोचे

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना फेस-2 पुलिस ने जन सेवा केंद्र का शटर तोड़कर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले तीन चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से बिना नंबर की इको गाड़ी, चोरी की बाइक, मोबाइल फोन, तीन लैपटॉप व चाकू बरामद हुए हैं।

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस रात्रि गश्त पर थी। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि तीन चोर चोरी की घटना को अंजाम देने की इरादे से क्षेत्र में घूम रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने हिंडन नदी के पुल के पास चेकिंग शुरू कर दी। मुखबिर की सूचना पर एक गाड़ी बाइक को जांच के लिए रुकवाया गया। कार व बाइक सवारी की तलाशी ली गई तो उनके पास से एक-एक चाकू तीन लैपटॉप मोबाइल फोन बरामद हुआ पकड़े गए। आरोपियों ने अपने नाम शमशाद और छोटू अरुण तथा विकास कश्यप बताया। आरोपियों ने बताया कि बरामद बाइक उन्होंने करीब डेढ़ वर्ष पूर्व नवजीवन अस्पताल कुलेसरा के पास से चोरी की थी। इसके अलावा उन्होंने करीब एक माह पहले पुस्ता रोड कुलेसरा पर स्थित जन सेवा केंद्र का शटर तोड़कर तीन लैपटॉप चोरी किए थे। **( शेष पृष्ठ-3 पर )**

# नोएडा से एक छात्र व 6 किशोरियां लापता

**नोएडा ( चेतना मंच )।** अलग-अलग स्थान से एक छात्र व 6 किशोरिया संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। तीन किशोरियों के परिजनों ने बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में नामजद मुकदमा दर्ज कराया है।

थाना सेक्टर-39 में सेक्टर-45 दुर्गा विहार निवासी रेनू चौबे ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनका (15 वर्ष) का बेटा सूर्यांश चौबे बीते 6 दिसंबर को घर से स्कूल के लिए निकला था। स्कूल की छुट्टी होने के बाद भी जब वह काफी देर तक घर नहीं पहुंचा तो उसकी तलाश की। काफी तलाश में पर भी सूर्यांश का कोई पता नहीं चला। रेनू चौबे की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर लिया है। इसी थाना क्षेत्र के सदरपुर में किराए पर रहने वाले शहजाद (काल्पनिक नाम) ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी 16 वर्षीय बेटी बेटे 2 दिसंबर को सदरपुर से गायब हो गई है उन्होंने अपनी रिश्तेदारी में जानकारो के यहां उसकी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। थाना कासना क्षेत्र के खानपुर गांव में किराए पर रहने वाली ज्योति (काल्पनिक नाम) ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बीते 5 दिसंबर को उनकी 13 वर्षीय बेटी घर से बिना बताए कहीं चली गई इसके बाद वह वापस नहीं लौटी।

थाना सूरजपुर में साकीपुर गांव में किराए पर रहने वाले रमेश (काल्पनिक नाम) ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी 16 वर्षीय बेटी बीते दिनों संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई परिजनों ने उसकी काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। थाना सेक्टर-63 के चोटपुर कॉलोनी में रहने वाली नजमा (काल्पनिक नाम) ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बीते 29 नवंबर की सुबह उनके (17 वर्षीय) बेटी घर से लापता हो गई उन्होंने जब उसकी तलाश की तो **( शेष पृष्ठ-3 पर )**

# व्यवसाय का पेमेंट लेकर फरार हुआ नौकर

**नोएडा ( चेतना मंच )।** व्यवसाई को अपने यहां काम करने वाले युवक पर अंधा विश्वास करना महंगा पड़ा। युवक व्यवसाई के सवा तीन लाख रूपए लेकर चंपत हो गया। पीडति ने थाना फेस वन में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। मूल रूप से पीरागढ़ी चौक नई दिल्ली निवासी प्रदीप गर्ग ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि उसकी सेक्टर-9 जी ब्लॉक में दुकान है। उसके यहां पर किरानू शाह पिछले काफी समय से काम कर रहा था। विश्वास होने के कारण वह उसे पेमेंट मंगवाने तथा भेजने का भी काम करवाते थे। 5 दिसंबर को उन्होंने अपने एक जानकार को सवा तीन लाख रुपए देने के लिए किरानू को स्कूटी से भेजा था। काफी देर होने पर जब वह उनके जानकारियां नहीं पहुंचा तो उन्होंने उसे फोन किया। **( शेष पृष्ठ-3 पर )**

# बाइक लूट की सूचना पर दौड़ी नोएडा पुलिस, एक बदमाश को किया लंगड़ा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा में गुरुवार की रात बाइक लूट की सूचना पर दौड़ी नोएडा पुलिस ने एक बदमाश को गोली मारकर लंगड़ा कर दिया है। पुलिस की गोली लगने से घायल हुए बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दरअसल, नोएडा के थाना सेक्टर 20 की पुलिस और बाइक लुटरों के बीच मुठभेड़ हो गई थी।

मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार की देर रात नोएडा के थाना सेक्टर-20 पुलिस को डीएलएल **( शेष पृष्ठ-3 पर )**



# भाभी ने देवर से मांगे उधार दिए पैसे, गुस्से में आकर पीट डाला

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भाभी द्वारा उधार दिए गए पैसे वापस मांगने से गुस्साए देवर ने अपने बेटों के साथ मिलकर भाभी से मारपीट की। मारपीट के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़िता के बेटे ने अपने चाचा व चचेरे भाइयों के खिलाफ थाना रबूपुरा में मुकदमा दर्ज कराया है।

ग्राम फलेंदा बांगर मोहित भाटी ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसके चाचा उदल सिंह पर उनके 12 लाख रुपए हैं बीते दिनों उसकी मां गीता देवी ने उदल सिंह से 12 लाख रुपए वापस लौट के लिए कहा। लेकिन उसने इंकार कर दिया। मोहित भाटी के मुताबिक 7 दिसंबर को उसकी मां गीता देवी, भाई कपिल तथा सुमित खेत पर काम कर रहे थे इस दौरान उसके चाचा उदल सिंह उनके बेटे अभिषेक



व प्रशांत मौके पर पहुंचे और गाली गलौज शुरू कर दी। इस बात का विरोध करने पर तीनों आरोपियों ने उन पर लाठी डंडे व धारदार हथियारों से हमला बोलकर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया झगड़ा होता देखकर आस पड़ोस के लोग मौके पर आ गए इसके बाद तीनों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने उदल सिंह उसके बेटे अभिषेक तथा प्रशांत के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# दहेज लोभी ससुरालियों ने दो विवाहिताओं की जिंदगी बनाई नरक

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** दहेज लोभी पति व ससुराल वालों की प्रताड़ना से आहत होकर अलग-अलग थाना क्षेत्र में दो महिलाओं ने मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िताओं का कहना है कि दहेज लोभी ससुरालियों ने उनकी जिंदगी नरक बना दी है। दोनों पीड़ितों ने अपने ससुरालियों पर कई अन्य गंभीर आरोप भी लगाए हैं।

ग्राम रोनीजा निवासी नीलम (काल्पनिक नाम) ने थाना रबूपुरा में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी शादी 12 फरवरी 2013 को ग्राम चंद्रावल थाना दनकौर निवासी विपिन कुमार के साथ हुई थी। शादी के समय परिजनों ने हैसियत अनुसार खास दान दहेज दिया था।



इसके बावजूद भी विपिन व उसके परिजन उससे संतुष्ट नहीं थे। शादी के कुछ समय बाद ही विपिन तथा उसकी सौतेली मां, नंद निशा, भावना, देवर अनुज, ज्योति, अतुल, पिंकी सुधीर आदि ने उसका उत्पीड़न करना शुरू कर दिया। आए दिन उसे ताना दिया जाता था कि विपिन की शादी में उन्हें स्कॉर्पियो गाड़ी व 50 लाख रुपए नगद मिल रहे थे उसके साथ शादी होने से समाज में उनकी छवि धूमिल हुई है। अपने घर को टूटने से बचने के लिए वह ससुराल वालों की सभी यातनाएं सहती रही।इस दौरान उसके तीन बच्चे हुए। इस दौरान उसे पता चला कि विपिन का किसी अन्य महिला के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा है और वह अधिकतर उसके साथ ही रहता है। विपिन के परिजनों को भी उसके प्रेम प्रसंग की जानकारी थी इस कारण वह उसे प्रताडति कर रास्ते से हटाने का प्रयास कर रहे हैं। नीलम के मुताबिक उसके देवर ने भी कई बार उसके साथ अश्लील हरकतें की और ससुराल वालों ने उसे जबरन दवाई खिलाकर उसका दो बार गर्भपात करा दिया। इस बात का विरोध करने पर बीते 12 अक्टूबर को पति एवं उसके परिजन ने उसे जान से मारने की नीयत से गला दबा दिया किसी तरह उसने अपनी जान बचाई **( शेष पृष्ठ-3 पर )**

# पति पर दहेज उत्पीड़न का आरोप

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।**

थाना सूरजपुर में एक महिला ने अपने पति के खिलाफ मारपीट करने तथा दहेज उत्पीड़न के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है पीड़िता का आरोप है कि उसका पति बदमाशों से उसका पीछा करवा रहा है और उसे जान का खतरा बना हुआ है।

देवल गांव निवासी प्रिया (काल्पनिक नाम) ने बताया कि वर्ष 2019 में उसकी शादी ग्राम एतमाद सराय जनपद बुलंदशहर निवासी दीपक के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही उसके पति ने उसका उत्पीड़न करना शुरू कर दिया। आए दिन दीपक उसके साथ मारपीट करता था। प्रिया के मुताबिक बीते दिनों दीपक उसे प्रेगनेंसी की हालत में मारपीट कर उसके घर के बाहर छोड़कर चला गया। दीपक अभी भी आए दिन



उसे जान से मारने की धमकी दे रहा है।

पीड़िता का कहना है कि उसका पति धमकी देता है कि अगर उसने कहीं शिकायत की तो वह उसे जान से मार देगा। पीड़िता ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसका पति बदमाशों से उसका पीछा करवा रहा है जिस कारण उसकी जान का खतरा बना हुआ है पीडति की शिकायत पर पुलिस ने दीपक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जांच पड़ताल कर रही है।

## सियासी संस्कृति

समाज में लोकतांत्रिक मूल्य और समुदाय में प्रदेश की छवि को निहारने के लिए स्थनीय निकाय अपने चुनावों के मार्फत मूल्यांकन करते रहते हैं और इसी कड़ी में नगर निगम मेयरों की नुमाइश में सियासी संस्कृति की घुसपैठ देखी जा सकती है। दरअसल जिस बिसात तक मेयर चुनने की तफतीश ले आए हैं, वहां मुद्दे नहीं मंडी के हिसाब से बिकने की नौबत आन खड़ी हुई है। आखिर जनता के पास अब तो इतना कौशल भी नहीं बचा कि वह योग्यता व दक्षता के आधार पर अपने लिए पार्षद चुन सके, तो मेयर चुनना उसके लिए एक अद्भुत लाटरी सरीखा हो गया। पार्षदों की संख्या में मेयर की बाजी अब विधायक के मत से दखलंदाजी हो गई या यही करिश्मा निगम को महज एक चुनाव बना रहा है। धर्मशाला नगर निगम में मेयर को तलाशती आंखें जब खुलती हैं, तो कांग्रेस के हाथ यह पद लग जाता है। पालमपुर अपने चिन्हित इरादों को कांग्रेस के सुपुर्द कर देता है, तो मंडी में भाजपा की वकालत पसर जाती है। अब शीर्षासन पर खड़ा सोलन नगर निगम कसरतें कर रहा है। कभी सूचना पर धुंध, तो कभी कोरम के दरवाजे छोटे पड़ जाते हैं। मेयर का चुनाव न हुआ सियासी जलजला हो गया। सोमवार की चुनावी प्रक्रिया अनुपस्थित हो गई, तो अब कोई चिड़िया फिर खेत चुगने आएगी या पार्टियों के बाराती दूल्हा सजाएंगे। कांग्रेस अपने बहुमत के वजूद में आत्मविश्वास ढो पाती है या सात पार्षदों पर टिकी भाजपा की किश्ती में सपने ढोने का कोई बहाना मिल जाएगा। गुरुवार पुन: ताजपोशी एक मेयर की, न जाने कौन सी कहानी लिखेगी, वैसे मेहरबां तेरे कूचे आ के खड़े हैं-हैं नगर निगम के रथ पर बैठे विधायक भी। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डा. राजीव बिंदल गंभीरता से कटाक्ष करते हैं कि इतनी ही जरूरत है तो मेयर का पद विधायक को ही दे दिया जाए। बहरहाल हिमाचल का नागरिक समाज न तो गांव में खुद को बदल पा रहा है और न ही शहरी परिदृश्य में कुछ बदलाव का एहसास कर पा रहा है। सियासत तो उसी सूरत में ढोल बजाती हुई निकल जाएगी, लेकिन शहर को समझने के लिए 'मेयर' का पद मजाक बन गया। हो सकता है और जैसी कि उम्मीद है वर्तमान सरकार भी कुछ और नगर निगम चुन लेगी, लेकिन क्या शहरी रूपरेखा में हिमाचल के पर्वतीय शहर जीना सीख लेंगे। पार्षद को ही मेयर बनाने की बाजी सियासी तौर पर एक कुशल अभिनय हो सकती है, लेकिन इससे शहरी उत्थान का विजन पैदा नहीं होगा। उदाहरण के लिए हमीरपुर में प्रस्तावित नगर निगम की सीमा लगभग दो दर्जन गांवों में घुसेगी, लेकिन इसके बदले मिलेंगे पंद्रह पार्षद और एक मेयर। क्या गांव को नई भूमिका में मेयर समझ पाएगा या दो दर्जन पंचायत प्रधान खोकर शहर का प्रबंधन बदल जाएगा। अंतत: शहरी मॉडल को स्थापित करने के लिए दूरदृष्टि, संकल्प, कुशल प्रबंधन व नागरिक आचरण की जरूरत है। दिल्ली में शहरी मसलों पर हुए 'पर्वत मंथन' से यह तो स्पष्ट हुआ है कि कुछ अलग मानदंड से हिमालयी राज्यों के शहरीकरण को संबोधित करने की आवश्यकता है। पर्वतीय राज्यों में भी अब शहरी विकास की होड़ एक ओर नागरिक सुविधाओं की मांग कर रही है, जबकि दूसरी ओर शहर को व्यवस्थित करने के लिए अतिरिक्त संसाधनों की अपेक्षा रखती है। पर्वतीय शहर के खाके में पर्यावरणीय खतरे व समाधान के बीच सामंजस्य व अस्तित्व के लिए वनापत्तियों में कुछ छूट चाहिए। हिमाचल जैसे प्रदेश की संरचना में पर्यटन की अहमियत, शहरीकरण की हैसियत तथा जीवन शैली की कैफियत को समझते हुए टीसीपी कानून को सशक्त करना होगा। यह असाधारण प्रक्रिया के तहत होगा और इसके लिए शहरी मानसिकता में बदलाव की जरूरत है। कम से कम पांच नगर निगमों की परिपाटी में इतना तो परिवर्तन लाया जाए कि नागरिक समाज राजनीति से ऊपर उठकर ऐसे पार्षदों का चयन करे जो भविष्य के लिए काम कर सकें। कम से कम मेयर चुनावों ने यह बता दिया है कि नगर निगमों के भीतर भी सियासत के बेकार संदूक भरे हैं, जबकि पर्वतीय शहरीकरण को संबोधित करने के लिए खास विजन के लोग ही आगे आने चाहिएं। यदि मेयर के प्रत्यक्ष चुनाव हों, तो शहरी व्यवस्था में गुणात्मक सुधार लाने की दृष्टि से लोग ऐसे उम्मीदवार को ही बढ़त देंगे जो प्रशासनिक अनुभव तथा उच्चकोटि के आचरण से प्रभावित कर पाएगा।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था किसंत का संग मोक्ष ( भव बंधन से छूटने ) का और कामी का संग जन्म-मृत्यु के बंधन में पड़ने का मार्ग है। संत, कवि और पंडित तथा वेद, पुराण ( आदि ) सभी सद्ग्रंथ ऐसा कहते हैं॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**सुनि प्रभु बचन हरषि मुनि चारी। पुलकित तन अस्तुति अनुसारी॥**
**जय भगवंत अनंत अनामय। अनघ अनेक एक करुनामय॥**

प्रभु के वचन सुनकर चारों मुनि हर्षित होकर, पुलकित शरीर से स्तुति करने लगे- हे भगवन! आपकी जय हो। आप अंतरहित, विकाररहित, पापरहित, अनेक (सब रूपों में प्रकट), एक (अद्वितीय) और करुणामय हैं॥

**जय निर्गुन जय जय गुन सागर। सुख मंदिर सुंदर अति नागर॥**
**जय इंदिरा रमन जय भूधर। अनुपम अज अनादि सोभाकर॥**

हे निर्गुण! आपकी जय हो। हे गुण के समुद्र! आपकी जय हो, जय हो। आप सुख के धाम, (अत्यंत) सुंदर और अति चतुर हैं। हे लक्ष्मीपति! आपकी जय हो। हे पृथ्वी के धारण करने वाले! आपकी जय हो। आप उपमारहित, अजन्मे, अनादि और शोभा की खान हैं॥

**ग्यान निधान अमान मानप्रद। पावन सुजस पुरान बेद बद॥**
**तग्य कृतग्य अग्यता भंजन। नाम अनेक अनाम निरंजन॥**

आप ज्ञान के भंडार, (स्वयं) मानरहित और (दूसरों को) मान देने वाले हैं। वेद और पुराण आपका पावन सुंदर यश गाते हैं। आप तत्त्व के जानने वाले, की हुई सेवा को मानने वाले और अज्ञान का नाश करने वाले हैं। हे निरंजन (मायारहित)! आपके अनेकों (अनंत) नाम हैं और कोई नाम नहीं है (अर्थात? आप सब नामों के परे हैं)॥

**सर्ब सर्बगत सर्ब उरालय। बससि सदा हम कहुँ परिपालय**
**द्वंद बिपति भव फंद बिभंजय। हृदि बसि राम काम मद गंजय॥**

आप सर्वरूप हैं, सब में व्याप्त हैं और सबके हृदय रूपी घर में सदा निवास करते हैं, (अत:) आप हमारा परिपालन कीजिए। (राग-द्वेष, अनुकूलता-प्रतिकूलता, जन्म-मृत्यु आदि) द्वंद्व, विपत्ति और जन्म-मत्यु के जाल को काट दीजिए। हे रामजी! आप हमारे हृदय में बसकर काम और मद का नाश कर दीजिए॥

**दो0-परमानंद कृपायतन मन परिपूरन काम।**
**प्रेम भगति अनपायनी देहु हमहि श्रीराम॥**

आप परमानंद स्वरूप, कृपा के धाम और मन की कामनाओं को परिपूर्ण करने वाले हैं। हे श्री रामजी! हमको अपनी अविचल प्रेमाभक्ति दीजिए॥

(क्रमश:...)

# बहुत बड़ा झोल बनते जा रहे हैं एग्जिट पोल

तेलंगाना विधानसभा चुनाव की मतदान प्रक्रिया के समापन के साथ ही पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव को लेकर तमाम सर्वे एजेंसियों ने अपने-अपने एग्जिट पोल्स का प्रसारण कर दिया था। मिजोरम में 7 नवम्बर, छत्तीसगढ़ में 7 और 17 नवम्बर, मध्य प्रदेश में 17 नवम्बर, राजस्थान में 25 नवम्बर और तेलंगाना में 30 नवम्बर को मतदान हुआ था। अधिकांश एग्जिट पोल में राजस्थान और मध्य प्रदेश में सत्ता के लिए कांटे की टक्कर होने का अनुमान लगाया था लेकिन कुछ एग्जिट पोल ऐसे भी थे, जिनमें किसी में कांग्रेस की एकतरफा जीत का अनुमान व्यक्त किया गया था तो किसी में भाजपा की। राजस्थान में आज तक-एक्सिस माय इंडिया के एग्जिट पोल में कांग्रेस के 86-106 जबकि भाजपा के 80-100 सीटें जीतने का अनुमान लगाया था, वहीं जन की बात के एग्जिट पोल के अनुसार कांग्रेस को केवल 62-85 सीटें और भाजपा को 100-122 सीटें मिलने का अनुमान था। इंडिया टीवी-सीएनएक्स के एग्जिट पोल में कांग्रेस को 94-104 सीटें मिलने का अनुमान था जबकि भाजपा के 80-90 सीटों पर ही सिमटने की भविष्यवाणी भी थी जबकि दैनिक भास्कर के एग्जिट पोल के मुताबिक भाजपा को 95-115 और कांग्रेस को 105-120 सीटें मिलने की संभावना व्यक्त की गई थी।

जन की बात के एग्जिट पोल में भाजपा को 100-123 और कांग्रेस को 102-125 सीटें मिलने का अनुमान था। टीवी-9 पोलस्ट्रैट के एग्जिट पोल में कहा गया था कि भाजपा को 106 और कांग्रेस को 111-121 सीटें मिल सकती हैं। छत्तीसगढ़ में तो लगभग सभी एग्जिट पोल कांग्रेस को पूर्ण बहुमत मिलने की बात कही गई थी। राजस्थान में न्यूज 24-टुडेज चाणक्य ने भाजपा को 77-101, कांग्रेस को 89-113 और अन्य को 2-16 सीटें मिलने का अनुमान व्यक्त किया था। इसी प्रकार भाजपा, कांग्रेस तथा अन्य को इंडिया टुडे-एक्सिस माई इंडिया ने क्रमश: 80-100, 86-106 तथा 9-18, टीवी9-पोलस्टार ने 100-110, 90-100 तथा 5-15, दैनिक भास्कर ने 95-115, 105-120 तथा 0-15 सीटें मिलने की संभावना व्यक्त की थी। वहीं एबीपी-सी वोटर ने भाजपा, कांग्रेस तथा अन्य को क्रमश: 94-114, 71-91 सीटें मिलने का अनुमान जताया था। चुनावी नतीजे देखें तो राजस्थान में भाजपा को 115, कांग्रेस को 69 तथा अन्य को 15 सीटें मिली हैं जबकि मध्य प्रदेश में भाजपा को 164, कांग्रेस को 65 और अन्य को 1 सीट मिली हैं, वहीं छत्तीसगढ़ में भी भाजपा तमाम एग्जिट पोल के अनुमानों से परे 54 सीटें हासिल कर पूर्ण बहुमत हासिल करने में सफल रही है। विभिन्न एग्जिट के मुताबिक मिजोरम में एमएनएफ को 14 से 18, कांग्रेस को 8 से 10, जेपीएम को 12 से 16 सीटें मिलने के अनुमान था और त्रिशंकु विधानसभा होने की भविष्यवाणी की गई थी। हालांकि चुनावी नतीजों में जेपीएम को पूर्ण



**_जन की बात के एग्जिट पोल में भाजपा को 100-123 और कांग्रेस को 102-125 सीटें मिलने का अनुमान था। टीवी-9 पोलस्ट्रैट के एग्जिट पोल में कहा गया था कि भाजपा को 106 और कांग्रेस को 111-121 सीटें मिल सकती हैं।_**

बहुमत के साथ 27 सीटें मिली जबकि एमएनएफ को 10, भाजपा को 2 और कांग्रेस को महज 1 सीट ही मिली यानी मिजोरम में भी तमाम एग्जिट पोल औंधे मुंह गिरे।

देखने वाली बात यह है कि कई एग्जिट पोल के आंकड़ों में बड़ा अंतर था और साथ ही इनमें हमेशा प्लस-माइनस का भी बड़ा खेल शामिल रहता है। यही कारण है कि एग्जिट पोल में किए जाने वाले दावों पर अब आंख मूंदकर भरोसा नहीं किया जाता क्योंकि ये केवल चुनाव परिणामों का पूर्वानुमान ही होते हैं और अभी तक कई बार ऐसा हो चुका है, जब विभिन्न एग्जिट पोल में किए गए पूर्वानुमान से चुनाव परिणाम बिल्कुल उलट रहे। वैसे चुनावी सर्वे कराए जाने का इतिहास बहुत पुराना है और दुनिया के कई देशों में ऐसे सर्वे कराए जाते हैं। चुनावी प्रक्रिया के दौरान जब तक अंतिम वोट नहीं पड़ जाता, तब तक किसी भी रूप में एग्जिट पोल का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता। यही कारण है कि एग्जिट पोल मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही दिखाए जाते हैं। मतदान खत्म होने के कम से कम आधे घंटे बाद तक एग्जिट पोल का प्रसारण नहीं किया जा सकता। इनका प्रसारण तभी हो सकता है, जब चुनावों की अंतिम दौर की वोटिंग खत्म हो चुकी हो। यह नियम तोड़ने पर दो वर्ष की सजा या जुर्माना अथवा दोनों हो सकते हैं। यदि कोई चुनाव कई चरणों में भी सम्पन्न होता है तो एग्जिट पोल का प्रसारण अंतिम चरण के मतदान के बाद ही किया जा सकता है लेकिन उससे पहले प्रत्येक चरण के मतदान के दिन डेटा एकत्रित किया जाता है।

एग्जिट पोल से पहले चुनावी सर्वे किए जाते हैं और सर्वे में बहुत से मतदान क्षेत्रों में मतदान करके निकले मतदाताओं से बातचीत कर विभिन्न राजनीतिक दलों तथा प्रत्याशियों की हार-जीत का आकलन किया जाता है।

अधिकांश मीडिया संस्थान कुछ प्रोफैशनल एजेंसियों के साथ मिलकर एग्जिट पोल करते हैं। ये एजेंसियां मतदान के तुरंत बाद मतदाताओं से यह जानने का प्रयास करती हैं कि उन्होंने अपने मत का प्रयोग किसके लिए किया। उन्हीं आंकड़ों के गुणा-भाग के आधार पर हार-जीत का अनुमान लगाया जाता है। इस आधार पर किए गए सर्वेक्षण से जो व्यापक नतीजे निकाले जाते हैं, उसे ही 'एग्जिट पोल' कहा जाता है। चूंकि इस प्रकार के सर्वे मतदाताओं की एक निश्चित संख्या तक ही सीमित रहते हैं, इसलिए एग्जिट पोल के अनुमान हमेशा सही साबित नहीं होते। एग्जिट पोल वास्तव में कुछ और नहीं बल्कि वोटर का केवल रूझान होता है, जिसके जरिये अनुमान लगाया जाता है कि नतीजों का झुकाव किस ओर हो सकता है। एग्जिट पोल के दावों का ज्यादा वैज्ञानिक आधार इसलिए भी नहीं माना जाता क्योंकि ये कुछ हजार लोगों से बातचीत करके उसी के आधार पर तैयार किए जाते हैं। वास्तव में ये सिर्फ अनुमानित आंकड़े होते हैं और कोई जरूरी नहीं कि मतदाता ने सर्वेकर्ताओं को अपने मन की सही बात ही बताई हो। यही कारण है कि एग्जिट पोल की विश्वसनीयता को लेकर अक्सर सवाल उठते रहे हैं।

**-योगेश कुमार गोयल**
**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं )**

## सोशल मीडिया में अश्लीलता का दुष्प्रभाव

भारतीय संस्कृति में सदाचरण, चरित्र निर्माण, विनम्रता, प्रेम, दया, त्याग और आदर-सम्मान जैसे सद्गुणों को प्रमुखता दी जाती रही है। इसके बावजूद हमें कुपथगामी एवं दुराचारी लोगों के किस्सों की कथाएं आए दिन प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में पढने्, देखने और सुनने को मिलती रहती हैं, जिससे कहीं न कहीं यह भावना बलवती होती है कि हमारी शिक्षा व्यवस्था में संस्कारों, आदर्शों, मूल्यों और नैतिक आचरण को लेकर भरपूर मार्गदर्शन होने के बावजूद क्यों समाज के कुछ लोग पथभ्रष्ट होकर गलत कार्यों में संलग्न रहकर सामाजिक ताने-बाने को दूषित करने का प्रयास करते हैं? यह सच है कि इंटरनेट, गूगल और सोशल मीडिया के लाभों को आज नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। आप यूट्यूब और गूगल सर्च इंजन से कैसी भी जानकारी तत्काल हासिल कर अपनी ज्ञान सुधा तृप्त कर सकते हैं। लेकिन इन्हीं माध्यमों पर उपलब्ध अश्लील सामग्री का आप क्या करेंगे?

फेसबुक की वीडियो वाली रील्स सेक्शन में गंदे और अश्लील वीडियो की भरमार है, उस पर तुरंत रोक लगनी चाहिए। सोशल मीडिया ने इसके उपयोगकर्ताओं को एक प्लटेफार्म उपलब्ध करवाया है। इस माध्यम द्वारा आप लेखन कार्य, पारिवारिक गतिविधियों, अपनी उपलब्धियों, विशेष पारिवारिक समारोह के चित्रों/वीडियो को व्यक्तिगत रूप से सांझा कर सकते हैं और सार्वजनिक रूप से आम लोगों तक पहुंचा सकते हैं। लेकिन सिक्के के दो पहलुओं की माफिक आजकल इंटरनेट और सोशल मीडिया के अच्छे बुरे दोनों रूपों के इस्तेमाल को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। इन प्लेटफॉर्म्स को जहां आप अपनी रुचियों के परिमार्जन और आपसी मेल मिलाप आदि के दृष्टिकोण से सदुपयोग कर सकते हैं तो वहीं कुछ दुष्ट प्रवृत्ति के लोग इन प्लेटफॉर्म्स को रुपया कमाने और हमारी युवा शक्ति को बिगाड़ कर सामाजिक माहौल को दूषित करने में दिन-रात लगे हुए हैं। लिहाजा इन माध्यमों पर परोसी जा रही अश्लीलता पर कानूनी तौर पर रोक लगाना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गई है। सबसे पहले 1997 में पहला सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म सिक्सडिग्री लॉन्च किया गया था। इसकी स्थापना एंड्रयू वेनरिच ने की थी। एक रिपोर्ट के मुताबिक बीते एक साल में इंटरनेट यूजर्स की संख्या 7.6 फीसदी बढ़ी है और यह 4.72 अरब तक पहुंच गई है। भारत में फेसबुक पर एक महीने में लगभग 200 करोड़, यूट्यूब पर 100 करोड़, इंस्टाग्राम पर



**_जिस प्रकार आज धड़ल्ले से फेसबुक सहित अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अश्लीलता परोसी जा रही है, वह भारतीय संस्कृति के मूल सिद्धांतों के खिलाफ है और भारत सरकार को निश्चित रूप से ऐसी साइट्स को तुरंत प्रभाव से ब्लॉक कर सख्त कानूनी प्रावधानों को समाज हित में लागू करना चाहिए।_**

70 करोड़, रेड्डिट के 25 करोड़, पिनट्रेस्ट के 15 करोड़, आस्क एफएम के 16 करोड़ उपयोगकर्ताओं सहित करोड़ों भारतीय अन्य सोशल मीडिया साइट्स पर विजिट्स करते हैं। आज दुनिया की कुल आबादी के 60 प्रतिशत से अधिक के बराबर जनता सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर रही है। आज की तारीख में गलत सूचनाएं और उम्र छुपा कर 9-10 साल के छोटे-छोटे बच्चों ने भी फेसबुक पर अपने अकाउंट खोल रखे हैं और धड़ल्ले से सोशल मीडिया का उपयोग कर रहे हैं।

ऑनलाइन शिक्षण के नाम पर बच्चों को स्मार्टफोन देना या उपलब्ध करवाना और उसे हर वक्त डाटा उपलब्ध करवाना मां-बाप की मजबूरी बन चुकी है। अब अभिभावक शिक्षित हो या अशिक्षित, प्रत्येक क्षण अपने बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखने से रहे, ऐसे में भारत में बढ़ता स्मार्टफोन्स का बाजार मां-बाप के समक्ष नई चुनौतियां भी खड़ी कर रहा है। ऊपर से फेसबुक, यूट्यूब और पोर्न साइट्स पर परोसी जा रही अश्लीलता से परिस्थितियां गंभीर होती जा रही हैं। जितने ज्यादा मोबाइल यूजर्स होंगे, उतना ही डाटा का इस्तेमाल बढ़ेगा और टेली कंपनियों के वारे न्यारे होंगे। इसलिए उनकी तरफ से हमारी किशोरवय एवं युवापीढ़ी गलत दिशा में जाती है तो भाड़ में जाए, उन्हें तो अपनी मोटी कमाई से मतलब है। इन सोशल नेटवर्किंग साइट्स के कुछ लाभ भी हैं तो कुछ हानियां भी हैं। जैसे सोशल मीडिया के इस्तेमाल से आप अकेलेपन का शिकार होने से बचते हैं। सोशल नेटवर्किंग साइट्स से आप हमेशा व्यस्त रह सकते हैं। सोशल नेटवर्किंग साइट्स आपके बिजनेस को भी फायदा पहुंचा सकती हैं और इन्हीं साइट्स पर आपको ठगा भी जा सकता है। वस्तुत: सोशल नेटवर्किंग एक प्रकार की लत है और आप इसके आदी होते चले जाते हैं। कई बार सोशल नेटवर्किंग साइट्स से आपका डाटा और फोटो भी चोरी कर लिए जाता है जिसका प्रयोग गलत कार्यों के लिए किया जा सकता है। सोशल नेटवर्किंग का इस्तेमाल करते समय आपको कुछ सावधानियां बरतनी चाहिएं, जैसे सोशल साइट्स पर हमेशा अपनी पूरी जानकारी अपलोड न करें। सोशल साइट्स के द्वारा बने दोस्तों को आप अपनी पर्सनल जानकारी न दें। यह बात हमेशा ध्यान रखें कि सोशल नेटवर्किंग साइट्स नए लोगों से मिलने और उनसे जुडने् का बस एक माध्यम भर है, अतएव इसे आप अपनी जिंदगी का हिस्सा न बनाएं।

वर्तमान समय में ट्विटर, इंस्टाग्राम, फेसबुक, लिंक्डइन, स्नैपचैट, व्हाट्सएप और यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म व्यापक रूप से सूचना के स्रोत के रूप में उपयोग किए जाते हैं। हालांकि कभी-कभी इनके माध्यम से गलत सूचना का प्रसार भी हो जाता है। इसी को देखते हुए भारत सरकार ने नए आईटी नियमों को 26 मई 2021 को लागू किया है। नए नियमों के अनुसार व्हाट्सऐप और फेसबुक जैसी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जरिए भेजे और शेयर किए जाने वाले मैसेजेस के ओरिजनल सोर्स को ट्रैक करना जरूरी बनाया गया है। यानी अगर कोई गलत या फेक पोस्ट वायरल करता है तो सरकार कंपनी से उसके ऑरिजनेटर के बारे में पूछ सकती है और सोशल मीडिया कंपनियों को बताना होगा कि उस पोस्ट को सबसे पहले किसने शेयर किया था। जिस प्रकार आज धड़ल्ले से फेसबुक सहित अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अश्लीलता परोसी जा रही है, वह भारतीय संस्कृति के मूल सिद्धांतों के खिलाफ है और भारत सरकार को निश्चित रूप से ऐसी साइट्स को तुरंत प्रभाव से ब्लॉक कर सख्त कानूनी प्रावधानों को समाज हित में लागू करना चाहिए, अन्यथा सोशल मीडिया बेलगाम हो जाएगा।

**-अनुज आचार्य**
**स्वतंत्र लेखक**

## राशिफल

कार्तिक शुक्ल पक्ष-एकादशी | ( विक्रम संवत् 2080 )

**मेष- ( चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ )**
पैरों में चोट-चपेट लग सकती है। एक समय सा महसूस होगा। कार्यों में विघ्न बाधा आएंगी।

**वृष- ( ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो )**
मन से थोड़ा लो रहेंगे। बच्चों की सेहत को लेकर मन परेशान रहेगा। प्रेम में तू-तू, मैं-मैं का संकेत है।

**मिथुन- ( का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा )**
घरेलू चीजों को तूल न दें। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शांत होकर के घरेलू चीजें निपटाएं।

**कर्क- ( ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा )**
पराक्रम रंग लाएगा, लेकिन अत्यधिक परिश्रम करना पड़ेगा किसी चीज के लिए।

**सिंह- ( मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे )**
जुआ, सट्टा, लॉटरी में पैसा न लगाएं। हार का संकेत है। धन-हानि का संकेत है। आपस में झगड़ने का संकेत है।

**कन्या- ( टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो )**
असमंजस की स्थिति बनी रहेगी। आप अपनी चीजों को अपनी मनःस्थिति को काबू नहीं कर पाएंगे।

**तुला- ( रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त )**
खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। यात्रा में कष्ट संभव है। समाचार के माध्यम से असमंजस वाला समाचार मिलेगा।

**वृश्चिक- ( तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू )**
अज्ञात भय सताएगा। मन भयभीत रहेगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। सर दर्द सता सकता है।

**धनु- ( ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे )**
व्यापारिक स्थिति मध्यम रहेगी। पिता के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। कोर्ट-कचहरी से बचें। स्वास्थ्य मध्यम।

**मकर- ( भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी )**
मानहानि की स्थिति बन सकती है। यात्रा में कष्ट संभव है। धर्म-कर्म में हिस्सा लेने से बचेंगे। स्वास्थ्य मध्यम।

**कुम्भ- ( गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द )**
परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। किसी भी तरीके का कोई रिस्क न लें। दुर्घटना का योग बनता है। स्वास्थ्य मध्यम।

**मीन- ( दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि )**
घरेलू विवाद को तूल न दें। पति-पत्नी में चल आ रही परेशानी को शांतचित्त होकर निपटाएं।

# बिजली विभाग की मनमानी से उद्योगों की बढ़ रही परेशानी : सुरेंद्र सिंह नाहटा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश सरकार औद्योगिक विकास की राह आसान बनाने में जुटी, पश्चिमांचल बिजली वितरण निगम लिमिटेड (पीवीवीएनएल) के निगम की विजिलेंस के अधिकारी-कर्मचारी सरकार की मंशा के विपरीत काम कर रहे हैं। प्रदेश को सबसे ज्यादा राजस्व देने वाले नोएडा के उद्योगों पर विद्युत निगम अनावश्यक आर्थिक बोझ डाल रहा है। बिजली कनेक्शनों की जांच के नाम पर उद्यमियों का उत्पीड़न किया जा रहा है।

एमएसएमई इंडस्ट्रियल एसोसिएशन ने पीवीवीएनएल के मुख्य अभियंता राजीव मोहन, प्रबंध निदेशक चित्रा वी, जिला अधिकारी मनीष वर्मा, विधायक पंकज सिंह और ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा



को पत्र लिखकर विद्युत वितरण निगम की मनमानी की शिकायत की है।

एमएसएमई इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह नाहटा ने बताया कि प्रदेश सरकार आईटी कंपनियों को उद्योग मानती है और नोएडा, ग्रेटर नोएडा व यमुना प्राधिकरण भी इस सेक्टर को उद्योग का दर्जा दे रहे हैं। बड़े अश्चर्य की बात है कि पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम आईटी सेक्टर को उद्योग नहीं मान रहा है। आईटी उद्योगों को नोटिस जारी कर भारी-भरकम जुर्माने का बोझ डाला जा रहा है। उद्योगों की श्रेणी में आने वाली आईटी कंपनियों पर वाणिज्यिक विद्युत दरों का आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। विद्युद वितरण खंडों में औद्योगिक परिसरों का सर्वे कर टैरिफ परिवर्तन की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही, आईटी उद्यमियों को लाखों रुपये के बिल भेजे जा रहे हैं।

संयोजन जांच के नाम पर उद्यमियों को अनाप-शनाप नोटिस भेजकर पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड और निगम की विजिलेंस के अधिकारी-कर्मचारी उद्यमियों का उत्पीड़न कर रहे हैं। अनुचित तरीके से औद्योगिक इकाइयों में अनियमितता दिखाकर राजस्व निर्धारित कर उद्यमियों पर एफआईआर दर्ज कराने का डर दिखाया जा रहा है। औद्योगिक विकास के लिए बने सकारात्मक माहौल को बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इस तरह के मामले संस्था के संज्ञान में आए हैं। सेक्टर-63 के एक उद्यमी को 670782.00 रुपये जमा करने का नोटिस भेजकर दबाव बनाया जा रहा है। इसी तरह सेक्टर-4 स्थित औद्योगिक इकाई पर 195741.00 रुपये और सेक्टर-10 के उद्यमी को अधिशासी अभियंता खंड पांच की तरफ से नोटिस भेजा गया है।

### भाजपा के सांसद से जान का खतरा है व्यापारी को, अदालत में पहुंचा मामला

**अलीगढ़ ( एजेंसी )।** अलीगढ़ शहर के एक बड़े व्यापारी को भारतीय जनता पार्टी के सांम से जान का खतरा। अपनी जान का खतरा बताते हुए अलीगढ़ के व्यापारी ने अदालत की शरण लेकर अपनी सुरक्षा तथा एफआईआर कराने की मांग की है। आपको बता दें कि लम्बे अर्से तक नोएडा शहर में सक्रिय रहे भाजपा कार्यकर्ता सतीश गौतम अलीगढ़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के सांसद हैं। श्री गौतम वर्ष-2014 में पहली बार सांसद बने थे। वर्ष 2019 में हुए लोकसभा के आम चुनाव में सतीश गौतम दोबारा अलीगढ़ से ही भाजपा के सांसद बने। इन दिनों सांसद सतीश गौतम एक बड़े विवाद के कारण चर्चा में हैं। यह विवाद सांसद सतीश गौतम तथा अलीगढ़ शहर की बगल में ओजोन सिटी बसाने वाले बिल्डर प्रवीण मंगला के बीच में है।

## हर्षिता भारती ने एथलीट्स महिला पुरुष प्रतियोगिता में प्राप्त किया तीसरा स्थान

**मेरठ ( चेतना मंच )।**



चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय में एथलेटिक्स (महिला- पुरुष) मीट- 2023 का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता 05/12/ 2023 से 07/12/ 2023 तक चली। जिसका आयोजन शारीरिक शिक्षा विभाग मेरठ कॉलेज मेरठ में भामाशाह पार्क (विक्टोरिया पार्क मेरठ) मेरठ में हुआ। इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के अलावा अन्य शहरों के छात्र -छात्रों ने हिस्सा लिया। जिसमें प्रथम स्थान पर SSMV कॉलेज की छात्रा डिंपल दूसरे स्थान पर रिंकी व तीसरे स्थान पर जीएम अकैडमी मेरठ CCU यूनिवर्सिटी की छात्रा व लाडो सराय दिल्ली निवासी हर्षिता भारती ने गोला फेंककर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर हर्षिता भारती का भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी ने डीएनडी फ्लाईओवर पर स्वागत किया। वही बिहार के मुख्यमंत्री व राष्ट्रीय अध्यक्ष हिंदुस्तान आवाम मोर्चा के जितन राम माझी ने हर्षिता भारती को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर उनके साथ वरिष्ठ नेता दयाराम जाटव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दो छात्रों को हिंदी सम्मान से किया सम्मानित



**नई दिल्ली ( चेतना मंच )।** भारत सरकार के थिंक टैंक नीति आयोग की ओर से हिंदी विकास संस्थान दिल्ली ने दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय हिंदी सम्मान समारोह का आयोजन कराया। जिसमें प्रतिभाशाली छात्रों को पुरस्कृत किया गया। इसमें वे सभी छात्र शामिल रहे जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करके दिखाया। इसमें मुख्य रूप से निबंध प्रतियोगिता कराई गई पुरस्कार वितरण में शिक्षा निदेशालय दिल्ली के निदेशक हिमांशु गुप्ता प्रोफेसर सुनील बाबूराव कुलकर्णी डॉक्टर संयम भारद्वाज आदि ने मुख्य



अतिथि के रूप में शिरकत की। इस मौके पर सोनाक्षी वर्मा को हिंदी बाल श्रेष्ठ सम्मान गोल्ड मेडल प्रदान किया गया। वह कक्षा 6 की छात्र हैं वही सृष्टि साहू को राष्ट्रीय हिंदी प्रतिभा सम्मान दिया गया। यह कक्षा 8 की छात्रा है दोनों ही छात्रा असम राइफल्स पब्लिक स्कूल मंत्रीपुखरी इंफाल में पढ़ती है। उनकी हिंदी काफी बेहतर है, उनका हौसला बढ़ाने के लिए स्कूल भी उनके साथ पूरी मेहनत करता है।

## सरकार का बड़ा फैसला : जेवर एयरपोर्ट के पास होगा लाखों करोड़ का पूंजी निवेश

**नोएडा ( चेतना मंच )।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उत्तर प्रदेश सरकार ने एक बहुत बड़ा फैसला किया है। सरकार के इस फैसले के कारण ग्रेटर नोएडा के पास यीडा क्षेत्र में बन रहे जेवर एयरपोर्ट के पास कम से कम दो लाख करोड़ रूपए का पूंजी निवेश होगा। इतना बड़ा पूंजी निवेश होने से ग्रेटर नोएडा तथा जेवर एयरपोर्ट के आस-पास के क्षेत्र में ऐतिहासिक विकास हो जाएगा।

आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश सरकार लगातार यूपी में विदेशी पूंजी निवेश को बढ़ावा दे रही है। पूंजी निवेश की सोच को आगे बढ़ाते हुए सरकार ने सेमी कंडक्टर इंडस्ट्री को विशेष छूट पैकेज देने की योजना बनाई है। इस योजना के तहत ग्रेटर नोएडा तथा जेवर एयरपोर्ट के आस-पास सेमी कंडक्टर बनाने की इंडस्ट्री लगवाने का प्रस्ताव है। इस योजना को पूरा करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने खास योजना तैयार की है। इस योजना के तहत सेमी कंडक्टर बनाने वाले उद्योगों को भारी सब्सिडी दी जाएगी।





### 75 प्रतिशत तक सब्सिडी

आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास आयुक्त ने एक खास योजना तैयार की है। इस योजना के तहत दुनिया की दिग्गज सेमी कंडक्टर बनाने वाली कंपनियों को यूपी में निवेश के एवज में 75 फीसदी की पूंजी सब्सिडी देने का प्रावधान है। इसके अलावा स्टांप ड्यूटी में सौ फीसदी छूट, जमीन पर 80 फीसदी तक सब्सिडी, बिजली बिल में 100 फीसदी तक सब्सिडी का प्रावधान है। सबसे महत्वपूर्ण पूंजी यानी कैपिटल सब्सिडी है। सेमी कंडक्टर चिप बनाने में अभी ताइवान, अमेरिका और दक्षिण कोरिया का दबदबा है। दुनियाभर में इस्तेमाल होने वाली कुल चिप का 60 फीसदी से अकेले ताइवान बनाता है। इसके बाद जर्मनी, अमेरिका और दक्षिण कोरिया और चीन का नंबर आता है।

### दो लाख करोड़ रूपये का निवेश

सेमी कंडक्टर चिप बनाने वाली एक इकाई में न्यूनतम 20 हजार करोड़ का निवेश होगा। एक इकाई के साथ कम से कम 1800 सहायक इकाइयों की स्थापना होगी। इनकी हैसियत भी 200 करोड़ से कम नहीं होगी। ये सहायक इकाइयां स्वदेशी होंगी। जेवर एयरपोर्ट तथा ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में कम से कम 20 फैक्टरी लगाने का प्रयास किया जाएगा। इनमें 2 लाख करोड़ रूपये तक पूंजी निवेश होगा।

### क्या होता है सेमी कंडक्टर

सेमीकंडक्टर चिप इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की जीवन रेखा होती है। इसका कारों से लेकर स्मार्टफोन तक में इस्तेमाल होता है। अनुमान है कि भारत में सेमीकंडक्टर की खपत 2026 तक 80 अरब डालर, वर्ष 2030 तक 110 अरब डॉलर पार कर जाएगी। वर्ष 2022 में भारतीय सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री 27 अरब डालर की थी। इस इंडस्ट्री को लगाने के साथ चुनौतियां भी बहुत हैं। कुल निवेश का 50 फीसदी केंद्र सरकार और 25 फीसदी प्रदेश सरकार देगी।

## पृष्ठ एक के शेष....

**धर्म एक विस्तृत...**

विक्रांत, आदित्य, जेकब, नुसरत फातिमा आदि छात्रों को वाइस चांसलर तथा चांसलर मेडल प्रदान किया।

इस मौके पर यूनिवर्सिटी कुलधिपति विनीत जैन, उप कुलपति प्रोफेसर अजीत, उत्तर प्रदेश के शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, प्रदेश के लोक निर्माण विभाग के राज्य मंत्री व गौतमबुद्धनगर के प्रभारी मंत्री कुंवर बृजेश सिंह, जेवर के विधायक धीरेन्द्र सिंह आदि मौजूद थे।

इसके पूर्व मुख्यमंत्री योगी तथा कुलाधिपति विनीत जैन ने डॉ. निखिल कॉमत को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से नवाजा। इस दौरान यूनिवर्सिटी के सैकड़ों प्रोफेसर, विभाग अध्यक्ष के अलावा छात्र एवं अभिभावक मौजूद थे।

**जेवर एयरपोर्ट...**

ने जमीन खरीदने के लिए मार्च 2022 से जुलाई 2022 के बीच दोनों को भुगतान कर दिया।

दैनिक चेतना मंच
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

इस दौरान जालसाजों ने फर्जी दस्तावेज भी दिखाएं। अगस्त व सितंबर 2022 के बाद जब पीड़ित ने आरोपियों से खरीदी गई भूमि के राजस्व अभिलेखों में उल्लिखित नामांतरण की प्रति मांगी को वह बहाना बनाने लगे। जब पीड़ितों ने जांच पड़ताल की तो पता चला कि जो भूमि खरीदी गई है वह वास्तव में अस्तित्व में ही नहीं है। उन्हें यह भी पता चला कि बिक्री विलेख पंजीकरण के लिए सब-रजिस्टार के सामने पेश होने वाले व्यक्तियों ने भी भूमि के कई हिस्सों के किसानों व भू-स्वामियों के रूप में अपनी पहचान बनाई पीड़ितों ने जालसाजों के हाथों करीब 24 करोड रुपए गंवा दिए हैं।

थाना सेक्टर-63 में शिकायत के बाद इस मामले में सचिन भाटी, रविंद्र शर्मा, धीरज शर्मा, सोनू शर्मा, रिशिपाल, आस मोहम्मद, अकील, शकीरा, विनीत कुमार गुप्ता, मुदस्सिर, साकिर, इरशाद, सलाउद्दीन तारीकत खान, वकील नरेंद्र व अन्य काई अज्ञात व्यक्तियों के साथ स्थानीय किसान व राजस्व अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है।

**जिला अस्पताल...**

वहीं दिल्ली निवासी एक व्यक्ति ने अपने भांजे सानू को गंभीर हालत में सेक्टर-12 स्थित मेट्रो अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में उपचार के दौरान सानू की मौत हो गई। थाना सेक्टर 24 प्रभारी ने बताया कि सानू मूल रूप से अजमेर राजस्थान का रहने वाला था और दिल्ली में अपने मुंहबोले मामा के साथ रह रहा था। अचानक हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल लाया गया था। मौत के कारणों का पता लगाने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

**5 दिन से लापता...**

परिजनों से हुई बातचीत में बलराम ने बताया था कि वह मोरना बस अड्डे पर पहुंच गया है। इसके बाद बलराम घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने उसकी तलाश की। बलराम का कोई पता नहीं चलने पर परिजनों ने थाना सेक्टर 24 में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

**दहेज लोभी ससुरालियों...**

और पुलिस को सूचना दी। उसके बाद में अपने मायके चली आई। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

वहीं थाना सूरजपुर में कविता (काल्पनिक नाम) ने अपने ससुराल वालों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। कविता के मुताबिक 22 अप्रैल 2022 को उसका विवाह जनपद फिरोजाबाद निवासी अमित कुमार के साथ हुआ था। शादी के बाद अमित उसे लेकर छतरपुर दिल्ली में रहने लगा शादी के कुछ समय बाद ही अमित तथा उसकी मां सुषमा देवी दहेज की मांग को लेकर उसके साथ गाली गलौज व मारपीट करने लगे। कविता के मुताबिक शादी के समय उसे बताया गया था कि अमित एम्स हॉस्पिटल में काम करता है लेकिन शादी के बाद उसका यह झूठ खुल गया। अमित आए दिन शराब पीकर घर लौटता और गाली गलौज कर किसी न किसी बहाने से उसके साथ मारपीट करता था। एक दिन अमित अपनी गर्लफ्रेंड को घर लेकर आया और कहा कि वह उसके साथ ही रहेगी।

कविता का आरोप है कि अमित ने उस पर अपने दोस्त के साथ भी शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डाला उसने जब यह बात अपनी सास को बताई तो उसने उल्टा अपने बेटे का पक्ष लेते हुए उसके साथ गाली-गलौज की। कविता के मुताबिक 25 अक्टूबर 2022 को उसके पति अमित, सुषमा देवी, अमित के मामा धीरज कुमार सुधीर कुमार, बहन रिशु कुमार आदि ने दहेज की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। कुछ समय बाद अमित ने उसे फोन कर बताया कि उसने अपनी गर्लफ्रेंड से शादी कर ली है और वह खुश है। पीड़िता ने अपने पति अमित सास सुषमा देवी, जेठानी सुशनी, जेठ रोहित कुमार, मामा धीरज कुमार, सुधीर कुमार रिशु कुमारी तनवीर और उसकी दोस्त दीपांशी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

**कान्वेंट स्कूल के...**

कराते हुए सीसीटीवी की फुटेज भी उपलब्ध कराई हैं।

वहीं थाना दादरी के कोट पुल के पास स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में लगी ऐसी की पांच आउटडोर यूनिट चोरों ने चोरी कर ली। चोरों ने यह घटना बीते 26 नवंबर की रात्रि को अंजाम दे इस संबंध में संस्थान के अनुदेशक सुमित कुमार ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

**जन सेवा केंद्र का...**

तीनों आरोपियों ने करीब दो माह पूर्व छोटी मिलक गांव में एक जन सेवा केंद्र का शटर तोड़कर मोबाइल वह 4.30 लाख रुपए चोरी किए थे।

थाना प्रभारी के मुताबिक पकड़े गए आरोपी दिन में घूम कर दुकानों को चिन्हित करते थे और रात्रि के समय शटर तोड़कर चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। दुकानों में चोरी करने के दौरान पकड़े जाने का भय कम होता था और माल भी अधिक मिलता था। इस कारण वह अधिकतर दुकानों को ही निशाना बनाते थे पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि उन्होंने चोरी के पैसों से ही उन्होंने इको गाड़ी खरीदी थी। इस गाड़ी को भी है आपराधिक वारदातों में प्रयोग करते थे।

**नोएडा से एक छात्र...**

पता चला कि पड़ोस में रहने वाला इमरान खान उसे बहला फुसलाकर कर अपने साथ ले गया है उसकी बेटी घर से नगदी व जेवरात भी साथ ले गई है।

इसी थाना क्षेत्र के छिजारसी गांव में रहने वाले राकेश (काल्पनिक नाम) की 16 वर्ष से बेटी को पड़ोस में रहने वाला युवक भगा ले गया। राकेश ने आरोपी अभिषेक के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित के मुताबिक उसने जब अभिषेक से फोन पर बात की तो उसने उसकी बेटी को जल्द घर भेजने का आश्वासन दिया और बाद में जान से मारने की धमकी देने लगा

थाना जेवर क्षेत्र के गांव मुड़रह निवासी त्रिलोक (काल्पनिक नाम) ने पुलिस की शिकायत में बताया कि उसकी (18 वर्षीय) बेटी घर से मंदिर जाने के लिए निकली थी इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटी बेटी की तलाश के दौरान उन्हें पता चला कि बंटी नामक युवक उनकी बेटी को भगा कर ले गया है। पुलिस का कहना है कि पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और लापता छात्र तथा किशोरियों की तलाश की जा रही है।

**व्यवसाय का पेमेंट...**

इस पर उसने बताया कि वह उनके जानकारी के घर के पास ही खड़ा हुआ है और थोड़ी देर में उन्हें पैसे दे देगा। इसके बाद उसका मोबाइल फोन स्विच ऑफ हो गया। उन्होंने कई बार मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन वह स्विच ऑफ मिला। प्रदीप गर्ग ने आरोपी के खिलाफ अमानत में खयानत का मामला दर्ज कराया है।

**बाइक लूट की सूचना...**

मॉल से सूचना मिली थी कि फिल्म सिटी की तरफ केटीएम बाइक सवार दो बदमाशों द्वारा बाइक लूटने का प्रयास किया गया है। बाइक लूट के प्रयास की सूचना पर नोएडा के थाना सेक्टर 20 की पुलिस द्वारा बाइक सवार बदमाशों का पीछा किया गया, जिस पर बदमाशों ने पुलिस टीम के ऊपर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्यवाही में बदमाश गुलशन पुत्र दिनेश निवासी टटीरी, बागपत को पैर में गोली लगने के कारण घायल हो गया। गोली लगने से घायल हुए बदमाश गुलशन को अवस्था में ही गिरफ्तार कर लिया गया।

घायल बदमाश के कब्जे से केटीएम बाइक, 1 अवैध व कारतूस और एक बैग में लूट/चोरी के 7 मोबाइल फोन बरामद हुए है। घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि पकड़ा गया बदमाश शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध दिल्ली/एनसीआर के विभिन्न थानों में लगभग 9 मुकदमें दर्ज है। बदमाश का एक साथी मौके से फरार हो गया जिसकी तलाश की जा रही है।

## ब्रह्मलीन हुए मानस मर्मज्ञ पंडित नरेंद्र जी महाराज

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** श्री रामायण विद्यापीठ के उत्तराधिकारी मानस मर्मज्ञ पंडित नरेंद्र जी महाराज ब्रह्मलीन (निधन) हो गए हैं। उनके निधन पर विभिन्न धर्माचार्य, राजनेताओं तथा स्वयंसेवी संगठनों के पदाधिकारियों ने शोक व्यक्त कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। स्वर्गीय नरेंद्र जी महाराज ने जीवन पर्यंत रामायण का देश विदेश में प्रचार किया।

पंडित नरेंद्र जी महाराज ने 5 दिसंबर को दिल्ली के लोधी रोड स्थित श्री रामायण विद्यापीठ में अंतिम सांस ली। वह अपने पीछे एक पुत्र और पौत्र का भरा पूरा परिवार छोड़कर गए हैं। उनके निधन की जानकारी मिलने पर धर्माचार्य, राजनेताओं व गणमान्य लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।



आपको बता दें कि 3 मार्च वर्ष 1929 को मेरठ में पंडित वीरेंद्र जी रामायणी महाराज के यहां जन्मे पंडित नरेंद्र जी महाराज ने जीवन पर्यंत रामायण का विश्व में प्रचार प्रचार किया। रामायण के प्रचार प्रसार को लेकर उन्होंने देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी जमकर ख्याति अर्जित की। रामायण का देश विदेश में प्रचार करने तथा धर्म के प्रति उनकी आस्था को देखते हुए प्रसिद्ध कथावाचक मुरारी बापू ने भी उन्हें तुलसी मानस अवार्ड से सम्मानित किया था।

राम जन्मभूमि अयोध्या से भी पंडित नरेंद्र जी महाराज का पुराना नाता रहा है। वह वर्ष 1945 से अयोध्या से जुड़े रहे और अंतिम समय तक उनका लगाव राम जन्मभूमि से रहा। अपने जीवन काल में वह महंत नृत्य गोपाल दास व अन्य संतों के संपर्क में रहे। पंडित नरेंद्र जी महाराज के परिवार द्वारा श्री रामायण विद्यापीठ की स्थापना की गई थी। यह परिवार पिछले ढाई सौ वर्षों से लगातार रामायण का विश्व में प्रचार करने में जुटा हुआ है।

### लहू-लुहान शव मिला

**नोएडा।** थाना सेक्टर 63 क्षेत्र के एन एच 24 पर एक युवक का लहू लुहान शव सड़क किनारे पड़ा हुआ मिला है। पुलिस आशंका जता रही है कि किसी तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से उक्त युवक की मौत हुई है। थाना प्रभारी अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि किसी व्यक्ति ने सूचना दी कि एन एच 24 पर सड़क किनारे एक युवक का शव पड़ा हुआ है। मौके पर पहुची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। प्रारंभिक जांच में लग रहा है कि किसी तेज रफ्तार वाहन ने युवक को टक्कर मारी है। टक्कर लगने से घायल हुए युवक की मौके पर ही मौत हो गई । थाना प्रभारी के मुताबिक शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो की फुटेज को खंगाल कर आरोपी वाहन चालक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।


### उत्तर मध्य रेलवे

**ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या 23/78 दिनांक 05.12.2023**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **प्रधान मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उ. म. रे., प्रयागराज (आई.एस.ओ. 9001:2015 प्रमाणित इकाई)** निम्नलिखित मदों के लिए ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 80225043डी | सिलेंडरिकल रोलर बेयरिंग | 888 नग | 28.12.2023 |
| 2. | 63235549 | 1-इन-8 1/2 बीजी 60 केजी वेल्डेबल सीएमएस क्रॉसिंग ऑन पीएससी स्लीपरस, आरडीएसओ ड्राइंग सं.टी-6441 | 122 सेट | 12.02.2024 |
| 3. | 64235089A | प्रॉक्सीमीटी स्वीच | 250 नग | 27.12.2023 |
| 4. | 20231728 | मॉडिफाइड रबर सील फॉर रूफ ज्वाईट फॉर डब्ल्यू ए पी-1 लोको | 112 सेट | 27.12.2023 |
| 5. | 30231619ए | बोल्स्टर रोटेशन स्टॉप लग लाईनर | 447016नग | 20.12.2023 |
| 6. | 30232304बी | ब्रेक सिलेण्डर | 09 नग | 28.12.2023 |
| 7. | 20231533सी | सेफ्टी ब्रैकेट फॉर प्राइमरी सस्पेंशन | 36 नग | 28.12.2023 |
| 8. | 40231031 | एनकेएन केलेंडर (नोमेक्स 410) | 240 कि.ग्र. | 27.12.2023 |
| 9. | 40233241B | डिस्चार्ज/अर्थिंग राड असेंबली | 345 नग | 27.12.2023 |
| 10. | 40233006 | सेट ऑफ ट्रैक्शन मोटर स्टार्टर फॉर हिताची | 60 सेट | 26.12.2023 |
| 11. | 64235109B | अल्टरनेटर एसेम्बली कम्पलीट 100ए | 03 नग | 02.01.2024 |
| 12. | 64235103A | एडॉप्टर | 3293 नग | 04.01.2024 |
| 13. | 64235100A | फ्लेक्सीबल कॉपर केबल | 42502 एमटीआर | 17.01.2024 |
| 14. | 60235034 | अब्रेसिव रेल कटर मशीन | 50 नग | 03.01.2024 |
| 15. | 60235056 | इलेक्ट्रिकली ऑपरेटेड लिफ्ट | 19 नग | 19.02.2024 |

**नोटः** उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण IREPS वेबसाइट https://www. ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाओं में किसी भी बदलाव/शुद्धि-पत्र के लिए कृपया इस वेबसाइट को नियमित रूप से देखें। समाचार-पत्र में कोई अलग से शुद्धि-पत्र/परिवर्तन प्रकाशित नहीं किया जाएगा। 1979/23 FA

North central railways | @CPRONCR | @northcentralrailway | www.ncr.indianrailways.gov.in

## चाइनीज निमोनिया की भारत में दस्तक?

नई दिल्ली। कोविड के बाद चीन में फैली रहस्यमयी बीमारी को लेकर जहां दुनिया में चिंता बढ़ी है तो वहीं भारत में भी अलर्ट जारी कर दिया गया है। अब खबर यह है कि चाइनीज निमोनिया ने भारत में दस्तक दे दी है और इसके 7 मरीज एम्स में इलाज के लिए भर्ती बताए गए हैं। इस पर भारत के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने एक स्पष्टीकरण भी जारी किया है। इससे पहले खबरों बतलाया गया कि चीन के अस्पतालों में माइकोप्लाज्मा निमोनिया से पीड़ित अनेक बच्चों का इलाज किया जा रहा है। इस बीमारी को वॉकिंग निमोनिया या व्हाइट लंग सिंड्रोम भी कहा गया है। हाल ही में इंटरनेशनल मेडिकल जर्नल लेंसेट में एक स्टडी के हवाले से खबर चली कि चाइनीज निमोनिया ने भारत में भी दस्तक दे दी है। इस रिपोर्ट और एम्स में स्टडी करने वाली एक प्रमुख डॉक्टर का हवाला देते हुए कहा गया कि नई दिल्ली के ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में सितंबर 2022 से लेकर अप्रैल 2023 तक सात केस वॉकिंग निमोनिया यानि माइकोप्लाज्मा निमोनिया के दर्ज किये गए। इस रिपोर्ट के आधार पर बताया गया कि ये आंकड़े अलग-अलग सैंपलों की अलग-अलग जांच से सामने आए। वैसे इस पूरी रिपोर्ट के आधार पर चलाई गई खबरों को लेकर भारत के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि दिल्ली एम्स में मिले बैक्टीरियल केसेज का चीन में हुए निमोनिया आउटब्रेक से कोई भी संबंध नहीं है। मंत्रालय ने इसे भ्रामक और गलत बताया है। मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि माइकोप्लाज्मा निमोनिया समुदाय से प्राप्त होने वाले निमोनिया का सबसे कॉमन बैक्टीरियल कारण है। इस प्रकार दिल्ली एम्स में मिले निमोनिया के मामलों को चीन की बीमारी से जोड़ कर देखना ठीक नहीं बताया गया है।

## आठ भारतीय मछुआरों को श्रीलंका नौसेना ने किया गिरफ्तार

चेन्नई। श्रीलंका नौसेना ने आठ भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार चक्रवात मिचौंग के कारण आठ दिनों के अंतराल के बाद पहली बार मछली पकड़ने के लिए समुद्र में उतरे तमिलनाडु के आठ मछुआरों को गुरुवार तड़के श्रीलंकाई नौसेना ने पकड़ लिया। मछुआरों को बुधवार की रात अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा पार करने और श्रीलंकाई जलक्षेत्र में घुसने के आरोप में तथा रात समुद्र में जाने के बाद ऊंचे समुद्र में लाइन (आईएमबीएल) से गिरफ्तार किया गया। ये सभी मछुआरे रामनाथपुरम जिले के रामेश्वरम के पंबन निवासी बताये जा रहे है। पुलिस ने कहा कि मछुआरे मंडपम के एम. उइर्थराज की नाव पर सवार होकर समुद्र में उतरे थे। तब श्रीलंकाई नौसेना ने उन्हें घेर लिया और खींचकर ले गये और उनकी नाव भी जब्त कर ली गई है।

## राज कुंद्रा को राहत, पोर्नोग्राफी मामले में ईडी को नहीं मिला कोई ठोस सबूत

मुंबई, । साल 2021 में प्रोड्यूसर राज कुंद्रा पर अश्लील फिल्में और पोर्नोग्राफी बनाने का आरोप लगा था. इस मामले में उन्हें गिरफ्तार भी किया गया था. वह कई दिनों तक जेल में भी रहे. राज कुंद्रा का पोर्नोग्राफी मामला काफी चर्चित रहा था. चर्चा थी कि शिल्पा शेट्टी और उनके रिश्ते में भी कड़वाहट आ गई है. लेकिन अब राज कुंद्रा मामले में एक बड़ी खबर ये सामने आई है कि बहुत जल्द उन्हें ईडी से क्लिट चिट मिलेगी. गौरतलब हो कि जुलाई 2021 में उन्हें अश्लील पोर्नोग्राफी के एक मामले में मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार किया था. बाद में उन पर मनी लॉन्ड्रिंग का भी आरोप लगाया गया जिसकी अभी भी जांच और कार्रवाई चल रही है। हाल ही में सामने आई जानकारी के मुताबिक ईडी को पोर्नोग्राफी मामले में राज कुंद्रा का कोई सीधा कनेक्शन नहीं मिला है. सूत्रों के मुताबिक, ईडी फिलहाल राज कुंद्रा के मनी लॉन्ड्रिंग केस पर फोकस कर रही है. इंग्लैंड स्थित कंपनी केनरिन, जो मनी लॉन्ड्रिंग में फंसी अन्य शेल कंपनियों से जुड़ी है, जांच में यह पता चला है कि राज कुंद्रा के बहनोई प्रदीप बख्शी केनरिन कंपनी के मालिक हैं। साथ हे हॉटशॉट ऐप का आधिकारिक प्रमोटर भी। ईडी सूत्रों के मुताबिक, आर्म्स प्राइम मीडिया लिमिटेड के सीईओ सौरभ कुशवाह ने कंपनी में निवेश के लिए जनवरी 2019 में राज कुंद्रा से संपर्क किया था. उनका रिश्ता उसी साल दिसंबर तक जारी रहा। ऐप बनाने के बाद हॉटशॉट को केनरिन को 25,000 डॉलर में बेच दिया गया। ईडी उनके बैंक लेनदेन की जांच कर रही है। राज कुंद्रा को भारतीय दंड संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत अपराध करने के बाद 19 जुलाई 2021 को गिरफ्तार किया गया था। मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट एस.बी.भाजीपाले ने 50,000 रुपये के निजी मुचलके पर जमानत अर्जी मंजूर कर ली। सरकारी वकील ने उनकी अर्जी का विरोध किया था. पुलिस ने आरोप पत्र में दावा किया था कि राज कुंद्रा मुख्य सूत्रधार थे. उनपर मुख्य आरोप यह था कि उन्होंने युवतियों का अश्लील वीडियो बनाकर और उन्हें बेचकर उनका यौन शोषण किया था। जमानत मिलने के बाद राज कुंद्रा काले हेलमेट में नजर आ रहे हैं। ऐसे में कई लोग उन्हें ट्रोल करते हैं. कई लोगों ने कहा कि अब चेहरा छुपाने का समय आ गया है. कुछ दिनों पहले उनके केस पर आधारित फिल्म यूटी 69 भी काफी चर्चा में रही थी.

## देश में सड़क हादसों का शिकार हुए 32,000 पैदल यात्री

नई दिल्ली। सड़क हादसों में पैदल चल रहे व्यक्ति सबसे अधिक असुरक्षित होता है। भारत में करीब 32 हजार पैदल व्यक्ति सड़क दुर्घटनाओं के शिकार होते हैं। राज्यसभा सांसद राकेश सिन्हा ने इसकी जानकारी सदन के समक्ष रखकर सड़क पर चलने वाले पैदल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। राज्यसभा सांसद ने बताया कि सड़क पर होने वाले हादसों में 58 प्रतिशत दुर्घटनाएं पैदल चलने वाले व्यक्तियों की हो रही हैं। भारत में दुर्घटनाओं का यह आंकड़ा देखा जाए, तब 2022 में लगभग 32,825 पैदल चलने वाले व्यक्ति दुर्घटनाओं के शिकार हुए। सिन्हा ने बताया कि यह ग्लोबल ट्रेंड है, और इस प्रकार के हादसे पूरे विश्व में हो रहे हैं। उनके मुताबिक पूरी दुनिया में 1.2 मिलियन एक्सीडेंट होते हैं। सिन्हा ने बताया कि अमेरिका में वर्ष 2022 में 7500 एक्सीडेंट हुए हैं। बड़ी बात यह है कि अमेरिका में हुए ये सड़क हादसे वर्ष 2010 की तुलना में 77 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाते हैं। सिन्हा ने कहा कि पैदल चलने वालों का एक प्राकृतिक और मौलिक अधिकार होता है। जब नेशनल हाईवे का चौड़ीकरण हो रहा है, तब उन स्थानों पर छोटे-छोटे व्यापारी, फल विक्रेता, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड पहले से स्थित होता है। उन्होंने आंकड़ों का हवाला देकर कहा कि मौजूदा तथ्यों के मुताबिक, पैदल चलने वालों में 31 प्रतिशत व्यक्ति कारोबारी कारणों से पैदल चलते हैं। राज्यसभा सांसद ने कहा कि इस संदर्भ में मैं सड़क पर चलने वाले पैदल यात्रियों की सुरक्षा की मांग करता हूं। उन्होंने कहा कि सामान्य संदर्भ में जहां भी सड़क का चौड़ीकरण हो या विस्तारीकरण किया जाए, वहां उन स्थानों पर स्थानीयता को सुरक्षित रखा जाए। यानि स्थानीय लोग जो पैदल यात्रा करते हैं, परंपरागत तरीकों से यात्रा करते हैं, बैलगाड़ी से चलते हैं, घोड़ा गाड़ी से चलते हैं, टमटम से चलते हैं, उनकी सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा हमारा कर्तव्य है। सिन्हा ने राज्यसभा में कहा कि चूंकि नेशनल हाईवे बड़े-बड़े शहरों को जोड़ता है, इसलिए स्थानीय लोगों को असुरक्षित महसूस नहीं होना चाहिए।

## मदरसों के वित्तस्रोत जांच के लिए एसआईटी गठित

### – 2 वर्षों में मदरसों को 100 करोड़ की विदेशी फंडिंग

लखनऊ। मदरसों को मिलने वाली विदेशी फंडिंग के दुरुपयोग संबंधी तथ्यों के मद्देनजर उत्तरप्रदेश सरकार ने मदरसों के वित्तीय स्रोतों की जांच के लिए 3 सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। पिछले 2 वर्षों में कई देशों से लगभग 100 करोड़ रुपए का दान प्राप्त करने के लिए अब तक 80 मदरसों की पहचान की गई है। वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि एसआईटी अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि मदरसों ने यह धनराशि किस मद में खर्च की और क्या इसमें कोई अनियमितता थी। राज्य में लगभग 24,000 मदरसे हैं, जिनमें से 16,500 से अधिक उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त हैं। मिली जानकारी के मुताबिक, एसआईटी का नेतृत्व कर रहे एटीएस के अतिरिक्त महानिदेशक मोहित अग्रवाल ने कहा कि हम देखेंगे कि विदेशी फंडिंग के माध्यम से प्राप्त धन को कैसे खर्च किया गया है। संक्षेप में यह जांचना है कि क्या पैसे का इस्तेमाल मदरसा चलाने या किसी अन्य गतिविधियों के लिए किया जा रहा है। अग्रवाल ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से जांच पूरी करने के लिए अभी तक कोई समय सीमा नहीं बताई गई है। सूत्रों ने बताया कि एसआईटी पहले ही अपने बोर्ड से पंजीकृत मदरसों का ब्योरा मांग चुकी है। योगी आदित्यनाथ सरकार ने पिछले साल जिलाधिकारियों को गैर-मान्यता प्राप्त मदरसों का सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया था। बता दें कि 2 महीने के सर्वेक्षण के दौरान, 8,449 मदरसे ऐसे पाए गए जो राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त नहीं थे। नेपाल सीमा से सटे लखीमपुर खीरी, पीलीभीत, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर और बहराइच के अलावा आसपास के कई इलाकों में 1,000 से ज्यादा मदरसे चल रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि पिछले कुछ सालों में इन इलाकों में मदरसों की संख्या तेजी से बढ़ी है।

# चंक्रवाती तूफान मिचौंग ने मचाई तबाही, न दूध-पानी मिल रहा न बिजली बहाल

### –अब तक 17 लोगों की मौत, टीमें जुटीं हुई हैं बचाव कार्य में



**चेन्नई (एजेंसी)।** चक्रवाती तूफान मिचौंग ने चेन्नई को भीषण तबाही के मुहाने पर लाकर खड़ा कर दिया है। तूफान के कारण चेन्नई के साथ-साथ अन्य जिलों में भी जमकर बारिश हुई, जिसके कारण सड़कें और घर जलमग्न हो गए। यहां अब तक 17 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि न दूध मिल रहा न पीने का पानी ही उपलब्ध है। इसके साथ बिजली संकट की समस्या तक पैदा हो गई। वैसे तो मिचौंग अब कमजोर पड़ गया है लेकिन उसका असर अभी तक कई जिलों और इलाकों में दिख रहा है। चेन्नई और उसके उपनगरों के कुछ हिस्सों में लोग अभी भी रुके हुए पानी और बिजली की समस्या से जूझ रहे हैं। इस बीच राहत व बचाव कार्य तेज कर दिए गए हैं। वहीं आज रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बाढ़ से हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए गुरुवार को तमिलनाडु का दौरा करने वाले हैं। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के नेतृत्व वाली तमिलनाडु सरकार ने भीषण बाढ़ के कारण चेन्नई, तिरुवल्लूर, कांचीपुरम और चेंगलपट्टू के सभी स्कूलों और कॉलेजों की छुट्टियां गुरुवार तक बढ़ा दी हैं। पल्लावरम, तांबरम, वंडालूर, थिरुपोरूर, चेंगलपट्टू और थिरुकाझुकुंड्रम में शैक्षणिक संस्थान आज बंद रहेंगे। भीषण बाढ़ के कारण लोगों को दूध, पीने के पानी और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कमी का सामना करना पड़ रहा है।

चेन्नई में बाढ़ के चलते इन सभी चीजों की आपूर्ति पूरी तरह से ठप हो गई है। लोगों के बेवजह खरीदारी के चलते भी दैनिक आवश्यक वस्तुओं की कमी का संकट और गहरा गया है। बताया जा रहा है कि चक्रवात से पहले हुई मूसलाधार बारिश के कारण आई बाढ़ में 17 लोगों की मौत हो गई है, जिनमें से ज्यादातर मौतें चेन्नई में हुई है। हालांकि बाढ़ के दौरान बचावकर्मियों ने लोगों को उनके घरों से बाहर निकालने के लिए इन्फ्लेटेबल राफ्ट और रस्सियों का इस्तेमाल किया। जबकि पानी से घिरे लोगों ने जैसे ही मदद की गुहार लगाई, तो लोगों को ऊंचे स्थानों पर ले जाने के लिए नावें उलब्ध कराई गईं।

## नेहरु पर बयान देकर शाह ने साबित किया वे भाजपा की व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी से पढ़े : गोगोई

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने भारत के पहले प्रधान मंत्री जवाहरलाल नेहरू के खिलाफ अपनी टिप्पणी को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर कटाक्ष किया है। लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गोगोई ने कहा कि शाह ने साबित किया हैं कि उन्होंने भाजपा की व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी से जवाहरलाल नेहरू पर पीएचडी की है। इस लेकर उन्होंने ट्वीट भी किया। उन्होंने लिखा कि केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने संसद में साबित कर दिया कि उन्होंने बीजेपी व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी से पंडित नेहरू पर पीएचडी की है। ये आरएसएस बीजेपी की नई शिक्षा नीति है। पूर्व पीएम नेहरू को लेकर शाह के बयान पर कांग्रेस के लोकसभा मुख्य सचेतक के सुरेश ने कहा कि बुधवार को लोकसभा में शाह ने सदन और देश को गुमराह किया। पंडित नेहरू के योगदान को हर जगह स्वीकार किया जाता है, न केवल हमारे देश में बल्कि पूरी दुनिया में। उनकी नीतियों और निर्णयों को मंजूरी और सहमति दी गई। दरअसल बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने सदन को बताया कि पंडित नेहरू के फैसले बड़ी भूल थे। हमने इस टिप्पणी का कड़ा विरोध किया। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि पीएम मोदी को सत्ता में आए 10 साल हो गए, अटल बिहारी वाजपेयी 6 साल तक सत्ता में रहे। तब, भाजपा को कौन रोक रहा है?...2024 चुनाव से पहले पीओके वापस लो। पूरे भारत का सारा वोट आपको मिलेगा। राजद के मनोज झा ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पत्र पढ़ें, महादेव देसाई के अंतिम चरण को देखें। तुम्हें सब कुछ पता चल जाएगा। मेरा मानना ??है कि अगर आप आज भी नेहरू से इतना डरते हैं, तब आपको नेहरू का मंत्रालय बनाना चाहिए और एक दिन उनके बारे में 12 घंटे लंबी चर्चा करनी चाहिए। हकीकत सामने आ जाएगी।



## भाषाई मामले में भारत देश विश्व में सबसे समृद्ध : कोविन्द

### –आईजीएनसीए एवं हिन्दुस्तानी भाषा अकादमी ने किया भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन




**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा है कि भाषाओं के मामले में भारत दुनिया में सबसे समृद्ध देश है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली स्थित तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में भारतीय भाषा दिवस के उपलक्ष्य में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) एवं हिन्दुस्तानी भाषा अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कोविन्द ने बच्चों की उपस्थिति पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा, इतनी बड़ी संख्या में भारतीय भाषा के मेधावी छात्रों और भाषा शिक्षकों को देखकर मुझे अत्यंत गौरव की अनुभूति हो रही है। इतना विराट, विशाल वैभवशाली भारत आज मेरे सामने हैं। सचमुच, मुझे यह मिनी भारत का जीता-जागता उदाहरण लग रहा हैं। इस विहंगम दृश्य को देखकर कौन मुग्ध और मोहित नहीं होगा। मुझे इसे बात की खुशी है कि आज माली और फूल एक साथ बैठे हैं। उन्होने कहा कि शिक्षक के रूप में आप सभी गुरुजन माली और शिष्यों के रूप में उपस्थित सभी छात्र फूल हैं। मैं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र एवं हिन्दुस्तानी भाषा अकादमी द्वारा देश के भविष्य और देश के भविष्य के निर्माताओं को उनकी उपलब्धियों को सम्मानित करने हेतु भारतीय भाषा उत्सव आयोजित करने के लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि हमारा भारत विविधताओं से भरा देश है। भौगौलिक, सांकृतिक, खान-पान, रहन-सहन, आस्था, मान्यताओं की विविधताओं के साथ-साथ भाषाओं के मामले में भारत विश्व में सबसे धनी है। उन्होंने कहा कि हमारे व्यक्तित्व के निर्माण में भाषा की महत्तवपूर्ण भूमिका होती है। सचमुच भाषा हमें गढ़ती हैं और अपनी मिट्टी से जोड़ने का काम भी करती है। भारत केवल प्राचीन सभ्यता के लिए ही नहीं, अपितु अपनी संस्कृति और भाषाई संस्कृति के लिए भी जाना जाता है। उन्होंने कहा, मैं सभी बच्चों से कहना चाहूंगा की वह अपनी मातृभाषा के अलावा और भी भाषाएं सीखें, जिससे आप भारत के समृद्ध इतिहास को जान सकेंगे।

कार्यक्रम में संस्कृति एवं विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने कहा कि जब कोई बच्चा जन्म लेता है, तो वह कोई भाषा नहीं जानता। वह सबसे पहली भाषा वही सीखता है, जो उसकी मां उसे सिखाती हैं। इसीलिए उसे मातृभाषा की संज्ञा दी गई है। आईजीएनसीए के सदस्य सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी ने कहा कि भारतीय भाषाओं को लेकर यह अब तक का सबसे महत्त्वपूर्ण आयोजन है। आज इस सभागार में वे सभी विद्यार्थी उपस्थित हैं, जिन्होंने भारतीय भाषाओं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। इनमें से बहुत से विद्यार्थी ऐसे भी हैं, जिन्होंने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। इस दौरान भारतीय भाषाओं में उच्चांक प्राप्त बच्चों तथा उनके शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

## मिशन 2040: अब इंसान को चांद की सैर कराने जा रहा इसरो

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय अंतरिक्ष और अनुसंधान संगठन (इसरो) पूरी दुनिया में अपनी अलग पहचान बना चुका है। यहां तक की अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा भी इसरो के साथ काम करने को लालयित रही है। अब दोनो मिलकर स्पेश के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानकारियां जुटाने पर काम कर रहे हैं। आने वाले समय में भारत के लोगों को चंद्रमा की सैर करने का मौका मिलेगा। अंतरिक्ष में एक और तकनीकी उपलब्धि हासिल करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसरो को बधाई दी है। चंद्रयान-3 के प्रोपल्शन मॉड्यूल ने एक सफल चक्कर लगाया। एक अन्य अनूठे प्रयोग में प्रोपल्शन मॉड्यूल को चंद्र कक्षा से पृथ्वी की कक्षा में लाया गया है। इस उपलब्धि के बारे में इसरो के एक्स पोस्ट का जवाब देते हुए, प्रधान मंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, बधाई हो इसरो। हमारे भविष्य के अंतरिक्ष प्रयासों में हासिल की गई एक और तकनीकी उपलब्धि में 2040 तक चंद्रमा पर एक भारतीय को भेजने का हमारा लक्ष्य भी शामिल है।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा, एक और अनूठे प्रयोग में, विक्रम लैंडर पर हॉप प्रयोग की तरह, चंद्रयान-3 के प्रोपल्शन मॉड्यूल (पीएम) को चंद्रमा के चारों ओर एक कक्षा से पृथ्वी के चारों ओर एक कक्षा में ले जाया गया। इसरो ने एक्स पर पोस्ट किया कि चंद्रयान-3 मिशन: सीएच-3 का प्रोपल्शन मॉड्यूल (पीएम) एक सफल चक्कर लगाता है! एक अन्य अनूठे प्रयोग में, पीएम को चंद्र कक्षा से पृथ्वी की कक्षा में लाया जाता है। चंद्रयान -3 मिशन का प्राथमिक उद्देश्य चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र के पास एक नरम लैंडिंग का प्रदर्शन करना और विक्रम और प्रज्ञान पर उपकरणों का उपयोग करके प्रयोग करना था। 23 अगस्त को, विक्रम लैंडर ने चंद्रमा पर अपनी ऐतिहासिक लैंडिंग की और उसके बाद प्रज्ञान रोवर को तैनात किया गया। लैंडर और रोवर में वैज्ञानिक उपकरणों को निर्धारित मिशन जीवन के अनुसार 1 चंद्र दिवस तक लगातार संचालित किया गया।

## महिला सुरक्षा में नाकाम भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार: कुमारी सैलजा

### –राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार में सतासीन लोग बराबर के भागीदार

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने आरोप लगाया कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार में भ्रष्टाचार नए रिकॉर्ड बना रही है। महिलाओं व बच्चियों की सुरक्षा के खिलाफ बढ़ रही दुष्कर्म समेत आपराधिक घटनाएं इसका प्रमाण है।

सैलजा ने कहा कि भ्रष्टाचार आरोपियों को पकडने के मामले में हरियाणा देश में छठे नंबर पर है। अगर भ्रष्टाचार कम होता तो भ्रष्टाचारियों को पकडने की घटनाएं बढने की बजाय कम होती। राज्य सरकार मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो एनसीआरबी ने साल 2022 में घटे अपराधों को लेकर रिपोर्ट जारी की है। इसमें हरियाणा में बढ़ती घटनाएं हर किसी को चौंका सकती हैं। इस रिपोर्ट के अध्ययन से साफ है कि प्रदेश में कानून का राज नहीं है, बल्कि यहां पर अपराधियों को खौफ लोगों के बीच बढ़ रहा है। खास तौर पर ऐसे अपराध में बढ़ोतरी हो रही है, जिससे हर आम आदमी सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को लेकर भयभीत होने लगता है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एक ही साल में कर्मचारियों व अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के 246 मामले दर्ज होने से पता चलता है कि प्रदेश में भ्रष्टाचार किस स्तर पर पहुंच चुका है। भाजपा के साल 2014 में सत्ता संभालने के बाद से तमाम महकमों में रिश्वत के बढ़ते रेट भी इस बात का सबूत हैं। मुख्यमंत्री के गृह जिले करनाल से ही बार-बार भ्रष्टाचार के मामले सामने आने से साफ है कि इनका कनेक्शन सत्ता में बैठे लोगों तक जिसमें वे बराबर के भागीदार हैं।

# सुखदेव गोगामेड़ी पर भारी पड़ी लॉरेंस-आनंदपाल की दुश्मनी, कर दी हत्या

### –मिलने के बहाने पहुंचे थे शूटर, लगातार 17 राउंड फायरिंग हुई थी



**जयपुर (एजेंसी)।** सुखदेव गोगामेड़ी पर लॉरेंस-आनंदपाल की दुश्मनी भारी पड़ गई। राजस्थान में सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्याकांड में लॉरेंस विश्नोई गैंग से पुरानी अदावत होने की बात सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि बिश्नोई गैंग गोगामेड़ी को लंबे समय से अपना दुश्मन मानता था। गैंग के बड़े लीडर संपत नेहरा ने पहले ही धमकी में ये साफ कर दिया था कि गोगामेड़ी की हत्या होगी। दरअसल इस गैंग को ये लग रहा था कि गोगामेड़ी दूसरे गैंग के गैंगस्टर्स की मदद करते हैं। राजस्थान में जो गैंग अपराध को अंजाम दे रहे हैं उनके लिए खास बात यही है कि जो भी विरोधी गैंग को कोई सपोर्ट कर रहा है तो ये उसे अपना दुश्मन मान लेते हैं। सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के केस में यही हुआ। जानकार बता रहे हैं कि सुखदेव सिंह का विवादों से पुराना नात रहा है। उन पर विभिन्न थानों में 35 केस दर्ज है। सुखदेव सिंह गुर्जर समाज पर पर भी प्रतिकूल टिप्पणियां कर सुर्खियों में रहे है।

आनंदपाल सिंह और विश्नोई गैंग के बीच पुरानी दुश्मनी थी। विश्नोई गैंग को आनंदपाल सिंह और सुखदेव सिंह की दोस्ती पंसद नहीं थी। आनंदपाल की हत्या के बाद दुश्मनी की लकीर और बढ़ गई, और मौका मिलते ही सुखदेव सिंह की हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि करणी सेना के प्रमुख बनने के बाद वो अक्सर चर्चा में रहे, लेकिन साथ ही उनके दुश्मन भी बनने लगे। कुछ समय पहले सुखदेव सिंह गोगामेड़ी को लॉरेंस बिश्नोई के गैंग से धमकी मिली थी। एक बार लॉरेंस बिश्नोई गैंग के शूटर संपत नेहरा ने गोगामेड़ी को जान से मारने की बात कही थी। करणी सेना प्रमुख ने पुलिस को इस बारे में जानकारी भी दी थी, लेकिन तब ये नहीं पता था कि दुश्मनी इस कदर बड़ी हो जाएगी कि हत्या तक कर दी जाएगी। गौरतलब है कि दोपहर करीब एक बजे सुखदेव सिंह अपने घर पर ही थे।

उनके एक जानने वाले नवीन शेखावत ने उनसे मिलने का वक्त मांगा था। नवीन शेखावत अपने साथ दो लोगों को को लेकर आए थे। इन दो लोगों ने सुखदेव सिंह से मिलने की इच्छा जताई थी। चारों बैठे बातें कर रहे थे, तभी दोनों लड़कों ने अपनी जेब से पिस्टल निकाल ली और सीधा सुखदेव सिंह पर गोली चला दी। नवीन शेखावत समझ ही नहीं पाए ये क्या हुआ। उन्होंने विरोध किया तो उन पर भी गोलियां चला दी। 17 राउंड फायरिंग हुई और फिर दोनों फरार हो गए। पुलिस की जांच अभी शुरू भी नहीं हुई थी कि बिश्नोई गैंग ने इस हत्या की जिम्मेदारी ले ली। बिश्नोई गैंग ने जो धमकी दी थी उसे पूरा कर दिया था। बिश्नोई गैंग के एक गैंगस्टर रोहित गोदारा ने सोशल मीडिया के जरिए हत्या के बाद ये मैसेज दिया।

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में मुकेश अंबानी, सचिन तेंदुलकर और रामायण के राम-सीता होंगे शामिल

**झज्जर (एजेंसी)।** अयोध्या(ईएमएस)। आने वाली 22 जनवरी को वो समय आ रहा है जिसका करीब 5 सौ सालों से इंतजार किया जा रहा था। भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्री मोदी पहली आरती करेंगे। इस मौके पर उद्योगपति मुकेश अंबानी,क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर और रामायण के राम (अरुण गोविल) और सीता (दीपिका चिखालिया) विशेष रुप से मौजूद रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 22 जनवरी, 2024 को प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए पहले ही आमंत्रित किया जा चुका है। ट्रस्ट ने 3000 वीवीआईपी सहित 7,000 लोगों को आमंत्रण भेजा है। कार्यक्रम में 1992 में मारे गए कारसेवकों के परिवारों को भी आमंत्रित किया जाएगा। आमंत्रित वीवीआईपी लोगों में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत, योग गुरु राम देव, उद्योगपति रतन टाटा, उद्योगपति गौतम अडाणी भी शामिल हैं। ट्रस्ट ने देशभर से 4000 संतों को भी आमंत्रित किया है जो राम जन्मभूमि परिसर में मौजूद रहेंगे।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली, फिल्म स्टार अमिताभ बच्चन और उद्योगपति मुकेश अंबानी सहित करीब सात हजार लोगों को राम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए आमंत्रित किया है। ट्रस्ट के सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। दूरदर्शन पर प्रसारित धारावाहिक 'रामायण में भगवान राम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल (भगवान राम) और देवी सीता की भूमिका निभाने वाली दीपिका चिखलिया को भी इस आयोजन में शामिल होने के लिए आमंत्रण भेजा गया है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा, ''प्राण प्रतिष्ठा समारोह में 50 देशों से एक-एक प्रतिनिधि बुलाने का प्रयास है। आंदोलन के दौरान जान गंवाने वाले 50 कारसेवक परिवारों के लोगों को भी आमंत्रित किया गया है।उन्होंने कहा कि न्यायाधीशों, वैज्ञानिकों, लेखकों और कवियों को भी आमंत्रण पत्र भेजा गया हैं। राय ने बताया कि इसके अलावा संतों, पुजारियों, शंकराचार्यों, धार्मिक नेताओं, पूर्व नौकरशाहों, सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारियों, वकीलों, संगीतकारों और पद्म श्री और पद्म भूषण से सम्मानित हस्तियों को भी आमंत्रित किया गया है।

विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के प्रवक्ता शरद शर्मा ने कहा, ''हमने उन पत्रकारों को भी आमंत्रित किया है, जिन्होंने अपने समाचार पत्रों, लेखों और रिपोर्टिंग के माध्यम से हमारे राम मंदिर आंदोलन का समर्थन किया था, उनके (पत्रकारों के) बिना, राम मंदिर का यह संघर्ष अधूरा था। शर्मा ने बताया कि वीवीआईपी को बार कोड पास के जरिए प्रवेश मिलेगा। आमंत्रित 7000 लोगों में से लगभग 4,000 देश भर से आए धार्मिक नेता होंगे। बाकी 3000 विभिन्न क्षेत्रों के वीवीआईपी होंगे। समारोह से पहले आमंत्रित लोगों के साथ एक लिंक साझा किया जाएगा।एक बार जब वे लिंक के साथ पंजीकृत हो जाएंगे, तो कोड उत्पन्न होगा जो प्रवेश पास के रूप में कार्य करेगा।

निमंत्रण पत्र में लिखा है, ''आपको विदित ही हैं कि लंबे संघर्ष के पश्चात, श्री राम जन्मभूमि पर मंदिर का निर्माण कार्य प्रगति पर है। पौष शुक्ल द्वादशी विक्रम संवत 2080, सोमवार (22 जनवरी 2024) को गर्भगृह में रामलला के नूतन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। हमारी प्रबल इच्छा है कि आप इस पुनीत अवसर पर अयोध्या में उपस्थित रहकर प्राण-प्रतिष्ठा के साक्षी बनें और इस महान ऐतिहासिक दिन की गरिमा को बढ़ाएं। निमंत्रण पर राम मंदिर ट्रस्ट के सचिव चंपत राय के हस्ताक्षर हैं। राय ने कहा, ''राम मंदिर में रामलला पांच साल के बालक के रूप में विराजमान होंगे। इसके लिए दो चट्टानों से तीन मूर्तियां बनाई जा रही हैं जिनमें से एक चट्टान कर्नाटक से दूसरी राजस्थान से लाई गई है। उन्होंने कहा, ''मूर्तियां 90 प्रतिशत तैयार हैं और उन्हें अंतिम रूप दिया जा रहा है। प्राण-प्रतिष्ठा के लिए सबसे आकर्षक मूर्ति का चयन किया जाएगा।



# दक्षिण अफ्रीका में बारिश ने किया टीम इंडिया का स्वागत, छतरी की जगह ट्रॉली बैग का लिया सहारा

**सेंचुरियन (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रविवार को पहले टी20 मैच से शुरू होने वाली आगामी बहु-प्रारूप श्रृंखला के लिए डरबन पहुंचने पर टीम इंडिया का स्वागत बारिश ने किया जिसके बाद होटल में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। जैसे ही मेन इन ब्लू दक्षिण अफ्रीका में उतरे, वे बारिश ने उनका स्वागत किया और कुछ खिलाड़ियों को बस की ओर दौड़ते समय अपने ट्रॉली बैग को कवर के रूप में इस्तेमाल करते देखा गया। हालांकि जैसे ही वे अपने होटल पहुंचे, मूड तेजी से बदल गया। हवाई अड्डे पर प्रशंसकों ने उनका उत्साह बढ़ाया और उन्होंने अपने समर्थकों के साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें खिलाड़ियों को दक्षिण अफ्रीकी हवाई अड्डे पर पहुंचते और होटल के कर्मचारियों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत करते देखा गया। दक्षिण अफ्रीका का सभी प्रारूपों का दौरा रविवार को तीन मैचों की टी20आई श्रृंखला के साथ शुरू होगा जो 14 दिसंबर तक चलेगा। 17 दिसंबर से सफेद गेंद श्रृंखला का एकदिवसीय चरण शुरू होगा जो 21 सितंबर को समाप्त होगा।

वीडियो में सूर्यकुमार यादव, रुतुराज गायकवाड़, श्रेयस अय्यर, यशस्वी जयसवाल, मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और मोहम्मद सिराज सहित भारतीय टीम शामिल थी। कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और जसप्रित बुमरा जैसे सीनियर खिलाड़ी सभी प्रारूपों की श्रृंखला में सफेद गेंद से नहीं खेल पाएंगे। नंबर एक टी20आई बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव टी20आई टीम का नेतृत्व करेंगे जबकि केएल राहुल वनडे टीम की कप्तानी करेंगे। रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, साई सुदर्शन और रजत पाटीदार जैसे युवाओं को वनडे टीम के लिए कॉल-अप मिला है।

सीनियर खिलाड़ी दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए वापसी करेंगे जो 26 दिसंबर से सेंचुरियन में शुरू होगा और दूसरा टेस्ट अगले साल 3 जनवरी से केपटाउन में होगा। श्रृंखला का यह रेड-बॉल चरण भारतीय प्रशंसकों के लिए सबसे प्रतीक्षित होगा क्योंकि भारत ने अभी तक दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट श्रृंखला जीत दर्ज नहीं की है।



# जब मैदान में गौतम गंभीर और श्रीसंत के बीच हुई नोकझोंक



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी गौतम गंभीर वर्तमान में लीजेंड्स लीग क्रिकेट में इंडिया कैपिटल्स की कप्तानी कर रहे हैं। गंभीर का बल्ला इस टूर्नामेंट में जमकर हल्ला बोल रहा है। गुजरात जॉयंट्स और इंडिया कैपिटल्स के बीच खेला गया पहला एलिमिनेटर मैच बेहद रोमांचक रहा। इस मुकाबले में गंभीर और गुजरात जॉयंट्स की ओर से खेल रहे टीम इंडिया के पूर्व तेज गेंदबाज शांताकुमारन श्रीसंत के बीच नोकझोंक देखने को मिली। श्रीसंत की गेंदों पर गंभीर ने कुछ करारे शॉट लगाए जिससे भारतीय पेसर चिढ़ गया और गंभीर को आंख दिखाने की कोशिश की लेकिन गौतम ने भी श्रीसंत को मुंहतोड़ जवाब दिया। हालांकि बाद में श्रीसंत ने वीडियो जारी कर कहा कि गंभीर को इस तरह की हरकत लाइव मैच में नहीं करनी चाहिए।

यह वाकया मैच के दूसरे ओवर की है जब गौतम गंभीर स्ट्राइक पर थे। पेसर श्रीसंत अपना पहला ओवर लेकर आए। गंभीर ने पहली गेंद को छक्के के लिए बाउंड्री के बाहर भेज दिया। अगली गेंद को गंभीर ने चौके के लिए बाउंड्री का दर्शन कराया। अगली गेंद डॉट रही। इसके बाद श्रीसंत अपने फॉलो थ्रू में आगे बढ़े और गंभीर की ओर देखने लगे। गंभीर भी कहां पीछे रहने वाले। उन्होंने भी श्रीसंत को करारा जवाब दिया। हालांकि मामला ज्यादा आगे नहीं बढ़ा और दोनों यहीं पर शांत हो गए। मैच के बाद शांताकुमारन श्रीसंत ने एक वीडियो जारी किया जिसमें वह कहते हुए नजर आ रहे हैं कि उनके दिल में सीनियर खिलाड़ियों जैसे वीरू आदि के लिए बहुत सम्मान है। उन्होंने कहा कि मेरी गलती नहीं थी लेकिन गौतम गंभीर ने क्रिकेट के मैदान पर लाइव मैच में जिस भाषा का इस्तेमाल किया वह बर्दाश्त करने योग्य नहीं थी। भारतीय टीम के पूर्व पेसर ने कहा कि आज नहीं तब कल यह बात सामने आ जाएगी कि गंभीर ने क्या कहा था। मुकाबले की बात करें तो गौतम गंभीर की कप्तानी वाली इंडिया कैपिटल्स ने गुजरात जॉयंट्स को 12 रन से हरा दिया। गंभीर ने 30 गेंदों पर 7 चौकों और एक छक्का की मदद से 51 रन की पारी खेली। इंडिया कैपिटल्स ने 7 विकेट पर 223 रन बनाए।

# बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के बीच दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन का खेल बारिश की भेंट चढ़ा



**मीरपुर (बांग्लादेश) (एजेंसी)।** बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के बीच दूसरे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन गुरुवार को यहां बारिश के कारण एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी। मैच के पहले दिन बांग्लादेश की टीम पहली पारी में 172 रन पर आउट हो गई थी लेकिन मेजबान टीम ने वापसी करते हुए न्यूजीलैंड का स्कोर पांच विकेट पर 55 रन करके अपना पलड़ा भारी रखा।

लगातार बारिश के कारण मैच अधिकारियों ने दिन का खेल रद्द करने का फैसला किया और साथ ही शुक्रवार को मैच जल्दी शुरू करने का भी फैसला किया। न्यूजीलैंड की टीम अब भी बांग्लादेश से 117 रन पीछे है जबकि उसके पांच विकेट बाकी हैं। डेरिल मिशेल 12 जबकि ग्लेन फिलिप्स पांच रन बनाकर खेल रहे हैं। बांग्लादेश ने दो टेस्ट की श्रृंखला का पहला मैच 150 रन से जीता था और उसके पास न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली बार टेस्ट श्रृंखला जीतकर इतिहास रचने का मौका है।

# जैक्स और करन का शानदार प्रदर्शन, इंग्लैंड ने दूसरे वनडे में वेस्टइंडीज को हराकर श्रृंखला बराबर की

**नॉर्थ साउंड (एंटीगा) (एजेंसी)।** विल जैक्स के 73 रन और सैम करन के तीन विकेट के दम पर इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को दूसरे एक दिवसीय क्रिकेट मैच में छह विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 1-1 से बराबरी की। इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को पहले बल्लेबाजी के लिये भेजा था और मेजबान टीम 40 ओवर में 202 रन पर आउट हो गई। वहीं जैक्स के दूसरे अर्धशतक की मदद से इंग्लैंड ने 33 ओवर में चार विकेट पर 206 रन बनाए।

वेस्टइंडीज के लिए पहले मैच में नाबाद 109 रन बनाने वाले शाई होप ने 68 रन की पारी खेली। एक समय सात ओवर के बाद वेस्टइंडीज का स्कोर चार विकेट पर 23 रन था लेकिन होप ने शेरफान रदरफोर्ड (63) के साथ 129 रन की साझेदारी करके पारी को संभाला। उन्होंने 44 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया और 68 गेंद में 68 रन बनाए। रदरफोर्ड ने 71 गेंद में अर्धशतक पूरा किया।




जवाब में जैक्स ने फिल साल्ट(21) के साथ 50 रन की साझेदारी की और 43 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। इंग्लैंड के जाक क्रॉउले और बेन डकेट जल्दी आउट हो गए लेकिन हेनरी ब्रूक और जोस बटलर ने 17.1 ओवर बाकी रहते टीम को जीत दिलाई। बटलर 58 रन बनाकर और ब्रूक 43 के स्कोर पर नाबाद रहे। बटलर ने 36 रन पूरे होते ही वनडे क्रिकेट में 5000 रन पूरे कर लिए। इससे पहले शुरूआती वनडे में होप इस आंकड़े तक पहुंचे थे।

## विकेटकीपर के रुप में 5 हजार रन बनने वाले पांचवे खिलाड़ी बने बटलर

मुंबई ।इंग्लिश कप्तान जोस बटलर ने लगातार कम स्कोर के बाद फॉर्म में वापसी की और वनडे में 5,000 रन का आंकड़ा छू लिया।वह ऐसा करने वाले इंग्लैंड के केवल पांचवें खिलाड़ी बन गए हैं।साथ ही बटलर विकेटकीपर द्वारा सबसे तेज 5000 वनडे रन बनाने वालों की टॉप 5 की लिस्ट में भी शामिल हुए हैं।बटलर नॉर्थ साउंड में वेस्टइंडीज के खिलाफ इंग्लैंड के दूसरे वनडे के दौरान इस मुकाम पर पहुंचे।मैच में बटलर ने 45 गेंदों में नाबाद 58* रन बनाए।उनकी पारी में चार चौके और तीन छक्के थे।उनके रन 128 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से आए।अब 180 वनडे और 153 पारियों में इंग्लैंड कप्तान ने 39.85 की औसत और 117 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 5,022 रन बनाए हैं।

# अनुभवी बल्लेबाज फाफ डु प्लेसिस को क्रिकेट में वापसी की उम्मीद



अबू धाबी ।अबू धाबी टी10 2023 संस्करण में मॉरिसविले सैंप आर्मी की बांग्ला टाइगर्स के साथ भिड़ंत से पहले अनुभवी बल्लेबाज फाफ डु प्लेसिस ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी पर खुलकर बात की है।इस बीच खबर थी कि फाफ अन्य वरिष्ठ खिलाड़ियों के साथ वापसी कर सकते हैं।फाफ ने मामले पर अपनी चुप्पी तोड़ी है।इस बारे में पूछने पर फाफ ने कहा कि मुझे विश्वास है कि मैं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भी वापसी कर सकता हूं।हम पिछले कुछ वर्षों से इस बारे में बात कर रहे हैं।यहां सिर्फ अगले साल टी20 विश्व कप के लिए संतुलन का पता लग रहा है। यह निश्चित रूप से कुछ ऐसा है जिसके बारे में नए कोच से बात की है।

# शुबमन गिल ने राशिद खान से की मुलाकात, सोशल मीडिया पर डाली तस्वीर



नई दिल्ली।भारत के बल्लेबाज शुबमन गिल ने अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान से ब्रिटेन में मुलाकात की।इस दौरान वह अपने गुजरात टाइटंस (जीटी) टीम के साथी को देखकर बहुत रोमांचित हुए।उन्होंने सोशल मीडिया पर एक दिल छू लेने वाली पोस्ट भी साझा की है।इस राशिद खान ने गिल के साथ एक तस्वीर खिंचवाई जिन्होंने हाल ही में हार्दिक पांड्या की मुंबई इंडियंस में आश्चर्यजनक वापसी के बाद आईपीएल 2024 के लिए गुजरात टाइटन्स का नया कप्तान बनाया था।राशिद ने सोशल मीडिया पर तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, कप्तान साहब द्वारा रोकने के लिए धन्यवाद। राशिद की पोस्ट पर माइकल वॉन और टाइटन्स दोनों की ओर से उत्साहजनक प्रतिक्रियाएं आईं और दोनों दिग्गज खिलाड़ियों की मुलाकात को देखकर खुश हुए। अपनी प्रतिक्रिया में इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने कहा कि मुझे यह पसंद है।दूसरी ओर टाइटन्स ने लिखा, नजर ना लगे।बता दें कि राशिद की 24 नवंबर को यूनाइटेड किंगडम में पीठ के निचले हिस्से की एक छोटी सी सर्जरी हुई। वह भी पीठ की चोट के कारण आगामी बिग बैश लीग सीजन 13 से हट गए हैं जिसके लिए एक छोटी सी सर्जरी की आवश्यकता है। उन्होंने अफगानिस्तान की क्रिकेट टीम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और 2023 वनडे विश्व कप में उनकी सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया।इंग्लैंड और पाकिस्तान जैसी मजबूत टीमों के खिलाफ मैचों में उनका प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा।

# लीजेंड्स लीग क्रिकेट में क्रिश गेल ने खूब लगाया जोर, फिर भी 12 रन से हारे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लीजेंड्स लीग क्रिकेट में क्रिश गेल ने खूब जोर लगाया, बावजूद इसके फिर भी उनकी टीम 12 रनों से हार गई। सूरत के लाल भाई कॉन्ट्रेक्टर स्टेडियम में खेली जा रही लीजेंड्स लीग क्रिकेट 2023 के एक अहम मुकाबले में गुजरात जायंट्स की ओर से खेलते हुए क्रिस गेल ने 150 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से 84 रन बनाए। लेकिन वह अपनी टीम को 12 रन की हार से बचा नहीं पाए। इससे पहले खेलते हुए इंडिया कैपिटल्स ने गौतम गंभीर के 51, चिप्ली के 35 और बेन डंक के 30 रनों की बदौलत 223 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी गुजरात 211 रन ही बना पाई। गुजरात को रोकने में इसरु उडाना की शानदार गेंदबाजी आड़े आई। इसरु ने अपने 4 ओवर में केवल 22 रन दिए और गुजरात के बल्लेबाजों को बांध कर रख दिया। इससे पहले इंडिया कैपिटल्स की कप्तानी कर रहे गौतम गंभीर ने तेजतर्रार शुरूआत कर अपनी टीम को 200 पार लगवाने में मदद की।

हालांकि टीम की शुरूआत अच्छी रही थी। एडवर्ड्स के साथ गंभीर ने पहले विकेट के लिए 65 रन जोड़े थे। एडवर्ड्स ने 20 गेंदों पर 26 रन बनाए जबकि गौतम गंभीर ने 28 गेंदों पर अर्धशतक लगाकर दर्शकों का मनोरंजन किया। गंभीर इस दौरान अच्छी लय में दिखे। उन्होंने श्रीसंत के पहले ही ओवर में 1 छक्का और 1 चौका लगाकर कमाल ??दिखा ?दिया। कैपिटल्स की ओर से खेल रहे बेन डंक ने भी जलवा दिखाते हुए 10 गेंदों पर 4 छक्कों की मदद से 30 रन बनाकर टीम को मजबूती दी। इससे पहले पीटरसन ने भी 15 गेंदों पर तीन छक्कों की मदद से 26 रन बनाए थे। अंत में चिप्ली ने 16 गेंदों पर 3 छक्कों की मदद से 35 रन बनाए जबकि एश्ले नर्स ने 5 गेंदों पर 12 रन बनाकर स्कोर 223 तक पहुंचा दिया।



# ऑस्ट्रेलियन ओपन में पूर्व चैंपियन कैरोलिन वोज्नियाकी को मिला वाइल्डकार्ड



मेलबर्न ।पूर्व विश्व नंबर 1 और 2018 चैंपियन डेनमार्क की कैरोलिन वोज्नियाकी को छह ऑस्ट्रेलियाई प्रतिभाओं के साथ ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 के लिए मुख्य ड्रॉ वाइल्डकार्ड दिया गया है।बता दें कि वोज्नियाकी ने 2018 में मेलबर्न पार्क में यह खिताब जीता था।उन्हें मंगलवार को साल के पहले ग्रैंड स्लैम आयोजन के लिए वाइल्डकार्ड प्राप्तकर्ता घोषित किया गया , जो सात खिलाड़ियों में से एक थी। अन्य छह प्रतिभाशाली ऑस्ट्रेलियाई किम्बर्ली बिरेल, ओलिविया गैडेकी, तायला प्रेस्टन, जेम्स डकवर्थ, मार्क पोलमैन्स और एडम वाल्टन हैं। 2018 चैंपियन वोज्नियाकी ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के आधिकारिक पॉडकास्ट पर 4 साल में पहली बार ऑस्ट्रेलिया लौटने के अपने उत्साह का खुलासा किया।2 बच्चों की मां, 33 वर्षीय वो?ज्नियाकी ने कहा है कि मेरे पास मेलबर्न की बहुत सारी अद्भुत यादें हैं और निश्चित रूप से ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतना करियर का सर्वकालिक आकर्षण है। गौरतलब है कि वोज्नियाकी ने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2020 में संन्यास ले लिया था।साढ़े 3 साल दूर रहने के बाद वोज्नियाकी ने अगस्त 2023 में टेनिस में रोमांचक वापसी की। यूएस ओपन में ग्रैंड स्लैम वापसी से पहले उन्होंने मॉन्ट्रियल और सिनसिनाटी में खेला, जहां वह चौथे में अंतिम चैंपियन कोको गॉफ से हार गईं।वोज्नियाकी ने वापसी पर कहा कि मेलबर्न दुनिया में मेरे सबसे पसंदीदा शहरों में से एक है, और मैं इसे अपने परिवार और अपने बच्चों के साथ साझा करने के लिए इंतजार नहीं कर सकती। बता दें कि ऑस्ट्रेलियन ओपन 14 से 28 जनवरी तक चलेगा, जिसमें आर्यना सबालेंका का लक्ष्य महिला खिताब का बचाव करना है और नोवाक जोकोविच पुरुष वर्ग में एक और जीत हासिल करना चाहेंगे।

# करियर बर्बाद होने के बाद फिर से आईपीएल की उम्मीद जगा रहे खलील अहमद




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राजस्थान के टोंक में टेनिस-बॉल क्रिकेट खेलते हुए बड़े हुए खलील अहमद को आईपीएल से उम्मीद जाग रही है। जानकार बता रहे हैं ?कि हो सकता है उनकी आईपीएल से वापसी हो जाए। 5 दिसंबर 1997 को पैदा हुए खलील अहमद 26 साल के हो गए। 2018 में जब उन्होंने टीम इंडिया के लिए डेब्यू किया तो खलील को लंबी रेस का घोड़ा माना जा रहा था। जहीर खान, आशीष नेहरा, इरफान पठान वाली टीम इंडिया की लेफ्ट आर्म पेसर्स लीगेसी अब खलील अहमद के पास थी। मगर जल्द ही उनका क?रियर खत्म हो गया। खलील को टीम इंडिया से बाहर हुए चार साल हो चुके हैं। ले?किन आईपीएल और घरेलू क्रिकेट के भरोसे वापसी की उम्मीद लगाए बैठे खलील का रास्ता आसान नहीं ?दिख रहा है। खलील को सबसे पहले 2016 में आईपीएल नीलामी में दिल्ली डेयरडेविल्स ने 10 लाख रुपये में खरीदा था, जिससे राहुल द्रविड़ के साथ उनका जुड़ाव बढ़ा, जिन्होंने भारत के अंडर-19 कोच के रूप में काम किया और डेयरडेविल्स टीम के मेंटर भी थे। दिल्ली डेयरडेविल्स (2016 और 2017) के दौरान शुरू हुई इस कहानी में खलील को अपने सीनियर गेंदबाज जहीर खान का काफी सपोर्ट मिला, जो उस वक्त टीम की कप्तानी कर रहे थे।

जहीर ने खलील को कॉन्फिडेंस दिया। अपनी फील्ड खुद सेट करने और उसके हिसाब से बॉलिंग करने के लिए प्रेरित किया। खलील की माने तो इस अनुभव से एक गेंदबाज के रूप में उनमें काफी सुधार हुआ। 2018 की आईपीएल नीलामी में सनराइजर्स हैदराबाद ने किंग्स इलेवन पंजाब और डेयरडेविल्स को ऑक्शन में मात देते हुए खलील को तीन करोड़ रुपये में खरीदा था। यह और बात है कि सनराइजर्स उन्हें सिर्फ बतौर बैक-अप ही इस्तेमाल करने वाली थी, क्योंकि उनके पास भुवनेश्वर कुमार, संदीप शर्मा, सिद्धार्थ कौल और बासिल थम्पी के रूप में एक मजबूत भारतीय पेस बैटरी थी। अब दिल्ली कैपिटल्स ने एकबार फिर उनपर भरोसा जताया है और ऑक्शन से पहले रिटेन कर लिया है।

# ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने पाकिस्तानी टीम को बताया मजबूत

नई दिल्ली।ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने पाकिस्तानी टीम को बेहद मजबूत बताया है।नए कप्तान शान मसूद की अगुवाई में पाकिस्तान की क्रिकेट टीम तीन टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए पहुंच गई है।सीरीज का पहला टेस?ट 14 दिसंबर से पर्थ में खेला जाना है।इस मैच में ऑस्ट्रेलिया के तेज और उछाल भरे विकेट पर ऑस्ट्रेलिया के पेस बॉलर, पाकिस्तान के बैटरों की कठिन परीक्षा ले सकते हैं लेकिन इस्लामाबाद में जन्मे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा की राय में शान मसूद की मौजूदा टीम बेहद मजबूत है।उन्होंने इसे ऑस्ट्रेलिया का दौरा करने वाली पाकिस्तान की सबसे मजबूत टीमों में से एक माना है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफटेस्ट सीरीज में जिस पाकिस्तानी बैटर पर लोगों की सबसे ज्यादा निगाह होगी वह हैं पूर्व कप?तान बाबर आकि ऑस्ट्रेलिया के पिछले दौरे में बाबर ने दो टेस्ट में 52.5 के औसत से 278 रन बनाए थे जिसमें एक शतक शामिल था। ख्वाजा ने बाबर को क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में एक बताते हुए कहा कि बाबर, उनकी ऑस्ट्रेलिया टीम के खिलाफ चुनौती पेश कर सकते हैं। 36 साल के इस पाकिस्तानी मूल के ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ने कहा कि बाबर तीनों प्रारूपों में सर्वश्रेष्ठ बैटरों में से एक हैं।स्टीव स्मिथ हमारे युग के महानतम बल्लेबाज हैं।जब ये दोनों बाबर और स्मिथ यहां, बेनो-कादिर सीरीज में खेलेंगे तो यह रोमांचक मुकाबला होगा।बाबर की स्मिथ से तुलना करना लगभग स्मिथ की कोहली से तुलना जैसा है।

# चोट से उबरने के बाद हार्दिक पांड्या अब सीधे आईपीएल में लेंगे एंट्री

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हार्दिक पांड्या अपनी चोट से उबरने के बाद अब सीधे आईपीएल में ही एंट्री करेंगे। हालांकि टी20 विश्व कप 2024 भले ही छह महीने दूर है लेकिन बीसीसीआई ने अभी से संभावित कप्तान हार्दिक पांड्या की फिटनेस पर काम शुरू कर दिया है। क्रिकेट विश्व कप 2023 में जब हार्दिक को चोट लगी तो दक्षिण अफ्रीका दौरे पर बीसीसीआई ने रोहित शर्मा से सफेद गेंद फॉर्मेट की कप्तानी संभालने को कहा था। लेकिन बात न बनने पर बीसीसीआई ने टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए अभी से हार्दिक पांड्या पर फोक्स करना शुरू कर दिया है। बता दें कि हार्दिक पहले से चोटों से परेशान रहे हैं, ऐसे में बीसीसीआई विशेष रूप से ऑलराउंडर के लिए 18-सप्ताह का उच्च-प्रदर्शन कार्यक्रम पर काम कर रही है। एनसीए द्वारा तैयार किए गए कार्यक्रम में हार्दिक कार्डियो, शक्ति प्रशिक्षण, कार्यात्मक प्रशिक्षण और महत्वपूर्ण रूप से पर्याप्त आराम जैसे विभिन्न पहलुओं पर ध्यान देंगे। बीसीसीआई ने आगामी दो टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए यह रणनीति बनाई है। 2024 में विंडीज और अमरीका में जबकि 2026 में भारतीय धरती पर विश्व कप होना तय है।

गौरतलब है कि बीसीसीआई और एनसीए द्वारा अपनाया गया यह कार्यक्रम नया नहीं है। इससे पहले जसप्रीत बुमराह, श्रेयस अय्यर और केएल राहुल जैसे खिलाड़ी इस परीक्षा से गुजर चुके हैं। सूत्र बताते हैं कि हार्दिक पंड्या की वर्तमान चोट उनकी पिछली पीठ की चोट से संबंधित नहीं है, जिसके लिए 2019 में उन्होंने सर्जरी करवाई थी। हार्दिक ने अपनी वापसी के बाद से शानदार फिटनेस बनाए रखी थी और आई.पी.एल. में गुजरात टाइटन्स का नेतृत्व किया और अपनी टीम को खिताब भी दिलवाया। आई.पी.एल. 2023 में वह अपनी टीम को फाइनल तक भी लेकर गए। इसके अलावा श्रीलंका, न्यूजीलैंड और वेस्ट इंडीज के खिलाफ टी20ई सीरीज में भी उन्होंने टीम को लीड किया।

हालांकि पहले संभावना थी कि हार्दिक दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज से वापसी होगी। या फिर श्रीलंका या अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली सीरीज में लौट आएंगे। लेकिन ऐसा होता न देख बीसीसीआई अब उनकी मुकम्मल फिटनेस पर काम कर रही है। यहां गौरतलब है कि टीम इंडिया ने जून 2022 से अब तक 55 टी20 मुकाबले खेले हैं, जिनमें से 38 में हार्दिक ने हिस्सा लिया। वनडे के 50 में से 23 मैच में वह खेले। आंकड़े बताते हैं कि हार्दिक टीम इंडिया के प्रमुख खिलाड़ियों में से एक है। ऐसे में उनकी फिटनेस क्रिकेट अधिकारियों के लिए प्राथमिकता बन जाती है।





# स्ट्राबेरी की मदद से करें स्किन की केयर

स्ट्राबेरी का स्वाद अधिकतर लोगों को अच्छा लगता है। अक्सर लोग स्ट्राबेरी से मिलने वाले हेल्थ बेनिफिट्स के बारे में बाते करते हैं, लेकिन उसके स्किन बेनिफिट्स भी कम नहीं हैं। स्ट्रॉबेरी में एंटी-ऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं। साथ ही, इसमें विटामिन सी भी होते हैं। यह आपकी स्किन को अधिक यंगर बनाता है और एक्ने को दूर करता है। इसके अलावा, यह आपकी स्किन को टोन करने, स्किन टेक्सचर में बेहतर बनाने और पिगमेंटेशन आदि में मददगार है।



### शहद और स्ट्रॉबेरी से बनाएं फेस मास्क

अगर आप अपनी स्किन को अधिक नरिशिंग बनाना चाहते हैं तो इस पैक को बनाएं। इसके लिए आप कुछ स्ट्रॉबेरी लें और उसे कांटे से तब तक मैश करें जब तक कि इसका स्मूद पेस्ट न बदल जाए। अब इसमें एक बड़ा चम्मच शहद डालकर अच्छी तरह मिक्स करें। अब आप अपने फेस को क्लीन करके इस मास्क को लगाएं। करीबन 15 मिनट के बाद पानी की मदद से फेस क्लीन करें।

### स्ट्रॉबेरी और चॉकलेट से बनाएं फेस मास्क

अगर आप अपनी स्किन को अधिक स्मूद बनाना चाहती हैं तो ऐसे में आप इस फेस पैक को बनाएं। इसके लिए आप पहले स्ट्रॉबेरी को अच्छी तरह मैश कर लें। अब एक चम्मच कोको पाउडर और शहद डालकर उसे अच्छी तरह मैश करें। अपने चेहरे को क्लीन करके करीबन 15 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। अंत में, पानी की मदद से चेहरा वॉश कर लें।

### स्ट्रॉबेरी और मलाई से बनाएं फेस पैक

यह एक बेहद ही नरिशिंग फेस पैक है, जो आपकी स्किन को अधिक नमी प्रदान करता है। खासतौर से, विंटर में यह पैक काफी लाभदायक है। इसके लिए आप स्ट्रॉबेरी को मैश करके उसकी प्यूरी बना लें। अब इसमें थोड़ा शहद व मलाई डालकर मिक्स करें। अब आप अपने फेस को क्लीन करके इस मास्क को अपने चेहरे पर लगाएं। करीबन 10-12 मिनट बाद आप ठंडे पानी से चेहरे को धो लें।

### स्ट्रॉबेरी और चावल के आटे से बनाएं स्क्रब

अगर आप अपनी डेड स्किन सेल्स को रिमूव करके इवन टोन स्किन व अधिक ब्यूटीफुल बनाना चाहती हैं तो ऐसे में आप इस फेस स्क्रब को बनाएं। इसके लिए, आप स्ट्रॉबेरी को ब्लेंड करके उसकी प्यूरी बना लें। अब आप इसमें दही, विटामिन ई कैप्सूल व चावल का आटा मिक्स करें। अब अप इसे अपनी स्किन पर लगाएं और हल्के हाथों से स्किन को स्क्रब करें। इसे करीबन 5 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। अंत में पानी की मदद से स्किन को साफ करें।

# बालों को धोने के लिए मुल्तानी मिट्टी का करें इस्तेमाल

मुल्तानी मिट्टी को अक्सर महिलाएं अपने स्किन केयर रूटीन में शामिल करती हैं। लेकिन यह आपके बालों के लिए भी उतना ही लाभदायी है। दरअसल, इसमें अब्जॉर्बेंट प्रॉपर्टीज होती हैं, जिसके कारण यह आपकी स्कैल्प से अतिरिक्त ऑयल को अब्जॉर्ब करने में मददगार है। इतना ही नहीं, यह आपके स्कैल्प को भी कंडीशन करती है। इसमें कई तरह के खनिज पाए जाते हैं, जो स्कैल्प को लाभ पहुंचाते हैं।

### बालों को करता है कंडीशन



मुल्तानी मिट्टी से हेयर वॉश करने का एक सबसे बेहतरीन लाभ यह है कि यह आपके बालों की गंदगी को दूर करने के साथ-साथ उसे कंडीशन भी करता है। खासतौर से, अगर आपके बाल कर्ली हैं तो मुल्तानी मिट्टी के कंडीशनिंग गुण आपके बालों को मैनेजेबल बनाते हैं।

### डैमेज हेयर को करे रिपेयर

अक्सर लोग एक्सपेरिमेंट करने के चक्कर में अपने बालों पर केमिकल ट्रीटमेंट करवाते हैं। लेकिन केमिकल्स के कारण बाल बहुत अधिक डैमेज हो जाते हैं। ऐसे में मुल्तानी मिट्टी का इस्तेमाल करना आपके लिए अच्छा है। यह आपके बाल शाफ्ट को पोषण और मजबूत करने में मदद करता है। जिससे आपके बाल चिकने और मुलायम बनते हैं। साथ ही, केमिकल ट्रीटमेंट से डैमेज्ड हेयर को रिपेयर करने में मदद मिलती है।

### स्कैल्प को डैमेज होने से बचाता है



मुल्तानी मिट्टी के इस्तेमाल से सिर्फ डैमेज्ड हेयर को रिपेयर करने में मदद ही नहीं मिलती है, बल्कि यह स्कैल्प को डैमेज होने से भी बचाता है। मुल्तानी मिट्टी को हेयर क्लींजर के रूप में इस्तेमाल करने से स्कैल्प को क्लीन करने में मदद मिलती है और यह स्कैल्प पर मौजूद कीटाणुओं व बैक्टीरिया को खत्म किया जा सकता है।

### हेयर फॉलिकल्स होते हैं मजबूत

मुल्तानी मिट्टी में कई तरह के खनिजों और पोषक तत्व पाए जाते हैं। जिसके कारण यह ना केवल डैंड्रफ और परतदारपन को खत्म करके आपकी स्कैल्प को स्वस्थ बनाती है बल्कि यह बालों की ग्रोथ को बेहतर बनाने के लिए आपके हेयर फॉलिकल्स को भी मजबूत बनाती है। अगर बालों के लिए मुल्तानी मिट्टी का उपयोग किया जाए तो इससे बाल मजबूत होते हैं और अपेक्षाकृत कम टूटते हैं।

# ग्लोइंग स्किन पाना चाहती हैं तो अपनी नाभि में डालें ये तेल



नाभि में तेल डालने की परंपरा सदियों पुरानी है। अक्सर आपने कई स्किन व स्वास्थ्य समस्याओं को दूर करने के लिए नाभि में तेल डालने की सलाह के बारे में अवश्य सुना होगा। खासतौर से, सर्दियों के मौसम में जब फटे होंठों की समस्या बहुत अधिक बढ़ जाती है तो ऐसे में नाभि में तेल डालने से यकीनन लाभ मिलता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं

### हेयर ग्रोथ के लिए नारियल का तेल

अगर आप अपने बालों की ग्रोथ को बेहतर बनाना चाहती हैं तो ऐसे में नाभि में नारियल के तेल की कुछ बूंदे डालने से यकीनन आपको लाभ मिल सकता है। नारियल के तेल में कई तरह के विटामिन, मिनरल, विटामिन सी, बी, ई, कॉपर और जिंक पाया जाता है। यह बालों के झड़ने को रोकने से लेकर हेयर ग्रोथ में मददगार है।

### ग्लोइंग स्किन के लिए ऑलिव ऑयल

अगर आप एक स्मूद, साफ़ और ग्लोइंग स्किन पाना चाहती हैं तो हर रात सोने से पहले नाभि में जैतून के तेल का इस्तेमाल करना अच्छा रहेगा। ऑलिव ऑयल में मौजूद फैटी एसिड और एंटी-ऑक्सीडेंट आपकी स्किन प्रॉब्लम्स को दूर करने में सहायक है। यह आपको सिर से लेकर पैर तक की स्किन को मॉइस्चराइज़ करने में मदद कर सकता है।

### फटे होंठों की समस्या को दूर करेगा सरसों का तेल

अगर आप मौसम की मार के कारण रूखे व फटे होंठों की समस्या से जूझ रही हैं तो ऐसे में सरसों के तेल की कुछ बूंदों को रात में सोने से पहले अपनी नाभि में डालें। यह एक ऐसा तेल है, जो ना केवल फटे होंठों की समस्या बल्कि अन्य स्किन प्रॉब्लम्स को भी दूर करेगा।

### एक्ने के लिए इस्तेमाल करें नीम का तेल

नीम को अपने एंटी-बैक्टीरियल गुणों के लिए जाना जाता है और इसलिए महिलाएं अपनी स्किन का ख्याल रखने व पिंपल्स मुंहासों को दूर करने के लिए नीम का पैक या टोनर आदि यूज करती हैं। आप चाहें तो रात को सोने से पहले नीम के तेल की कुछ बूंदे नाभि में डालें और 15 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। अंत में, तौलिए को गर्म पानी में भिगोकर हल्का निचोड़ें और अपनी नाभि को क्लीन करें।



# हल्दी के फायदे बहुत और चमत्कारी!

हल्दी के बारे में गहराई से सोचे, यह महज मसाला नहीं है बल्कि संस्कृति का प्रतीक भी। हमारे हर शुभ काम में हल्दी, इसके बिना हर खुशी अधूरी। शादी में हल्दी, पूजा-पाठ में हल्दी, खाने में हल्दी और हमारी सेहत का राज भी हल्दी। हल्दी, सेहत के लिये कितनी फायदेमंद है, इसका प्रमाण है हैं कि 90 के दशक में अमेरिका की यूनीवर्सिटी ऑफ मिसीसिपी मेडकल सेन्टर ने इसका पेटेंट अपने नाम कराया था। हल्दी, सेहत के लिये कितनी फायदेमंद है, इसका अनुमान आप इसी बात से लगा सकते हैं कि 90 के दशक में अमेरिका की यूनीवर्सिटी ऑफ मिसीसिपी मेडकल सेन्टर ने इसका पेटेंट अपने नाम करा लिया था। तब भारत सरकार ने इसके खिलाफ मुकदमा किया, और भला हो अमेरिका की न्यायपालिका का जिन्होंने निष्पक्ष फैसला दिया कि हल्दी के औषधीय गुणों की खोज दुनिया में सबसे पहले भारत में ही हुई थी। वह भी उपलब्ध प्रमाणों के आधार पर आज से लगभग ढाई हजार साल पहले।

जरा हल्दी के बारे में



गहराई से सोचिये, ये एक मसाला नहीं है बल्कि संस्कृति है, हमारे हर शुभ काम में हल्दी, इसके बिना हर खुशी अधूरी। हमारी शादी में हल्दी, पूजा-पाठ में हल्दी, खाने में हल्दी और हमारी सेहत का राज भी हल्दी।

हल्दी पर हुए शोधों से पता चला है कि यह हमारे शरीर और दिमाग के लिये चमत्कारी रूप से लाभदायक है, इसमें करक्यूमिनॉयड कम्पाउंड होते हैं, जिसका सबसे एक्टिव इन्ग्रेडियेंट है करक्यूमिन, जो न केवल एंटी-इन्फलेमेटरी है बल्कि जबरजस्त एंटी ऑक्सीडेंट भी।

सरल शब्दों में, एंटी-इन्फलेमेटरी गुणों के कारण हल्दी, शरीर की सूजन कम करती है चाहे वो चोट से हो, इन्फेक्शन से हो या एलर्जी से। अंदरूनी हो या बाहरी, हल्दी से सभी तरह की सूजन ठीक।

### कैंसर से बचाती है

एंटी-ऑक्सीडेंट गुणों की वजह से ये ऑक्सीडेशन से शरीर में बने डेड सेल्स यानी फ्री रेडिकल्स बाहर निकाल कर हमें कैंसर से बचाती है। रिसर्च से सामने आया है कि हल्दी, शरीर में मौजूद कैंसरस सेल्स मारती है, ट्यूमर में नयी ब्लड वेसल्स बनना रोकती है और मेटासिस रिड्यूसिंग पॉवर की वजह से कैंसर को फैलने से रोकती है। यानी रोज के खाने में चम्मच भर हल्दी और कैंसर से बचाव पक्का।

### कहां की हल्दी सबसे अच्छी

हल्दी का एक्टिव कम्पाउंड, करक्यूमिन जो हमें कैंसर से बचाता है, उसकी मात्रा अलग-अलग राज्यों में पैदा हल्दी में अलग-अलग होती है। जो औसतन चार प्रतिशत है। हल्दी में करक्यूमिन जितना ज्यादा होगा, उतना ही फायदेमंद। आपको पता है, दुनिया की 80 प्रतिशत हल्दी हमारे देश में होती है। और औषधीय गुणों यानी करक्यूमिन से भरपूर हल्दी होती है मेघालय में। जिसका नाम है लाकाडांग। इसमें 11 प्रतिशत करक्यूमिन होता है। यानी रोज एक छोटा चम्मच लाकाडांग हल्दी सोते समय गरम दूध में पीने का मतलब है कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से सुरक्षा।

### हल्दी-काली मिर्च का गठजोड़ फायदेमंद

याद रखें, हल्दी का एक्टिव इन्ग्रेडियेंट करक्यूमिन, शरीर में मुश्किल से एब्जार्ब होता है यानी हम जितनी हल्दी खाते हैं उसका 3 प्रतिशत ही शरीर में लगता है। ऐसे में क्या किया जाये जिससे हल्दी का पूरा लाभ मिले। तो इसका जबाब है काली मिर्च।

रिसर्च से पता चला है कि काली मिर्च का मेन इंन्ग्रेडियेंट पेपरीन, शरीर की करक्यूमिन एब्जॉर्ब करने की क्षमता को 2000 गुना बढ़ा देता है। अगर हल्दी के औषधीय गुणों का पूरा लाभ लेना है तो साथ में किसी न किसी रूप में काली मिर्च का सेवन जरूर करें।

### हल्दी के साथ घी-तेल जरूरी

एक बात और, करक्यूमिन, फैट सॉल्यूबल है यानी तेल या घी में घुलने वाला। फैट में घुले करक्यूमिन को शरीर आसानी से पचा लेता है, इसलिये अगर खाने में हल्दी है, तो घी-तेल भी होना जरूरी है।

### दिल की बीमारियों में लाभकारी

वैज्ञानिकों ने पता लगाया है कि हल्दी का सेवन दिल की बीमारियों में बहुत फायदा करता है, कारण इसके सूजन कम करने वाले गुण। नसों की इंडोथेलियल लाइनिंग में क्रोनिक और मल्टीलेयर्ड सूजन से सकरापन आता है जिससे दिल और दूसरे ऑर्गन्स तक में जरूरी मात्रा में ब्लड सप्लाई नहीं हो पाती। रिजल्ट हार्ट अटैक और कार्डियोवैस्कुलर बीमारियों का खतरा। हल्दी का नियमित सेवन इनका रिस्क कम करके, हार्ट को स्वस्थ रखता है।

### दिमाग को तेज करती है हल्दी

ब्रेन डेवलपमेंट में हल्दी की भूमिका पर हुए शोध से पता चला कि इसमें मौजूद करक्यूमिन, दिमाग में न्यूरॉन्स निर्माण के लिये जरूरी हारमोन क्ष्ठहस्र बूस्ट करता है। क्ष्ठहस्र से न्यूरॉन्स का जीवन काल बढ़ाने वाला प्रोटीन बनता है, जिससे हमारी लॉजिकल ढँग से सोचने समझने की क्षमता बढ़ने के साथ याद्दाश्त तेज होती है और डिमेन्सिया तथा एल्जाइमर जैसी डिजेनरेटिव बीमारियों का रिस्क घटता है।

रिसर्च से पता चला है कि करक्यूमिन, बहुत अच्छा एंटी-डिप्रेसेन्ट है जो डिप्रेशन दूर करता है। वैज्ञानिकों ने बताया कि डिप्रेशन से दिमाग में क्ष्ठहस्र हारमोन का लेवल कम हो जाता है, जब हम हल्दी खाते हैं तो इसमें सुधार के साथ सेरोटोनिन और डोपामाइन जैसे ब्रेन न्यूरोट्रांसमीटर बूस्ट होते हैं, जिससे डिप्रेशन दूर होने लगता है।

### जोड़ों के दर्द में बेजोड़

हल्दी, ऑर्थराइटिस यानी जोड़ों के दर्द में बहुत लाभकारी है। इससे सूजन तो कम होती ही है साथ ही दर्द में भी आराम मिलता है। शोध से सामने आया है कि एंटी-इन्फ्लेमेटरी गुणों की वजह से करक्यूमिन, रियूमेटॉइड आर्थराइटिस के इलाज में किसी भी दूसरी दवा से ज्यादा फायदेमंद है।

### एंटी एजिंग गुणों से भरपूर

वैज्ञानिकों के मुताबिक हल्दी में मौजूद करक्यूमिन एंटी-एजिंग है, यह बुढ़ापा तो रोकता ही है साथ ही एज़ रिलेटेड बीमारियों से लड़ने में मदद करता है। कैंसर, हार्ट डिसीस, डिमेन्सिया और एल्जमाइर जैसी बीमारियों का रिस्क कम करने में इसकी उपयोगिता सिद्ध है। इसलिये खाने में हल्दी की मात्रा बढ़ायें, इससे फायदा ही फायदा है, नुकसान कोई नहीं।

# एंब्रायडिड गाउन में खुद को बॉलीवुड डीवाज की तरह करें स्टाइल

जब किसी खास अवसर में जाने की तैयार होती है तो महिलाएं गाउन पहनने का प्राथमिकता देती है। यह एक ऐसा आउटफिट है, जो किसी भी फंक्शन में अच्छा लगता है। यूं तो आप डिफरेंट स्टाइल गाउन को पहन सकती हैं। लेकिन अगर आप अपने लुक को सबसे अलग व खास बनाना चाहती हैं तो ऐसे में आप एंब्रायडिड गाउन को पहन सकती हैं।



### हाई नेक आइवरी हैंड एंब्रायडिड गाउन



अगर आप किसी फंक्शन में एक सॉफ्ट लुक कैरी करना चाहती हैं तो ऐसे में आप सारा अली खान की तरह आइवरी कलर में हैंड एंब्रायडिड गाउन को पहन सकती हैं। फुल स्लीव्स गाउन में लाइट मेकअप और ओपन हेयर लुक काफी अच्छा लगेगा।

### स्लीवलेस मल्टीकलर एंब्रायडिड गाउन

अगर आप एंब्रायडिड गाउन में एक ब्राइट लुक कैरी करना चाहती हैं तो ऐसे में माधुरी दीक्षित के इस एंब्रायडिड गाउन को पहना जा सकता है। ब्लू कलर के स्लीवलेस गाउन मल्टीकलर हैंड एंब्रायडरी देखने में काफी अच्छी लग रही है। आप इस तरह के गाउन के साथ लाइट मेकअप कर सकती हैं। जबकि स्टेटमेंट इयररिंग्स आपके लुक को और भी अधिक खास बनाएगा।

### प्लंजिंग नेकलाइन एंब्रायडिड गाउन

अगर आप कॉकटेल पार्टी या नाइट पार्टी के लिए जा रही हैं तो ऐसे में आप रेड कलर प्लंजिंग नेकलाइन एंब्रायडिड गाउन को पहन सकती हैं। हिना खान ने भी इस लुक में रेड कलर के प्लंजिंग गाउन को कैरी किया है। जिसमें सीक्वेंस वर्क उसे पार्टी लुक दे रहा है। आप इस गाउन के साथ चोकर पहन सकती हैं। वहीं, मेकअप के साथ आप बहुत अधिक एक्सपेरिमेंटल हो सकती हैं। मसलन, रेड गाउन के साथ रेड लिपस्टिक कैरी कर सकती हैं या फिर नाइट पार्टी लुक को ध्यान में रखकर स्मोकी आइज भी क्रिएट की जा सकती है।





# रणबीर कपूर के साथ एक बार फिर काम करना चाहती हूं

रणबीर कपूर स्टारर फिल्म एनिमल 1 दिसंबर को रिलीज हो गई है। इस एक्शन-ड्रामा फिल्म में तृप्ति डिमरी भी एक अहम कैमियो करती नजर आईं। फिल्म में निभाए गए रणबीर के खूंखार किरदार की तारीफ सब जगह हो रही है। वहीं एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी के साथ रणबीर की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री को भी काफी सराहना मिल रही है। तृप्ति ने फिल्म में जोया का किरदार निभाया है। एक इंटरव्यू के दौरान तृप्ति ने एनिमल फिल्म में रणबीर कपूर के साथ काम करने का अपना एक्सपीरियंस शेयर किया। उन्होंने कहा- रणबीर के साथ काम करके बहुत अच्छा लगा। वे एक ग्रेट एक्टर के साथ-साथ काफी वॉर्म एंड वेलकमिंग नेचर के इंसान हैं। मुझे उनके साथ काम करने में बहुत मजा आया। रणबीर के साथ मेरी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री के लिए ऑडियंस जिस कदर प्यार बरसा रही है, वो बहुत अच्छा लग रहा है। उम्मीद है कि भविष्य में मैं फिर से रणबीर के साथ जरूर काम करूंगी। आलिया भट्ट ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया था। उन्होंने एनिमल टीम को बधाइयां दी। आलिया ने उस पोस्ट पर तृप्ति की भी तारीफ की। उन्होंने लिखा- शानदार परफॉर्मेंस, वाकई में क्या बखूबी से अपना किरदार निभाया। तृप्ति डिमरी ने अपने करियर की शुरुआत 2017 में फिल्म पोस्टर बॉयज से की थी। इसके अलावा वो नेटफ्लिक्स की फिल्म कला, बुलबुल और लैला मजनू जैसी फिल्मों का हिस्सा रह चुकी हैं। इतना ही नहीं तृप्ति डिमरी अनुष्का शर्मा के भाई कर्णेश शर्मा के साथ अपने लिंकअप को लेकर भी चर्चा में रह चुकी हैं। हालांकि इन दोनों की रिलेशनशिप ज्यादा समय तक नहीं चली और दोनों ने जुलाई 2023 में ब्रेकअप कर लिया था। बता दें, तृप्ति की बुलबुल और कला दोनों फिल्में कर्णेश के प्रोडक्शन बैनर क्लीन स्लेट फिल्म्स के तले बनाई गई थीं।

# क्वेंटिन टारनटिनो की आखिरी फिल्म में काम करना चाहती हैं अनन्या

अनन्या पांडे ने फिल्म निर्माता क्वेंटिन टारनटिनो के साथ काम करने की इच्छा जताई और कहा कि मुझे उनकी आखिरी फिल्म में शामिल होना हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस ने यह भी कहा कि वह भारत में निर्देशक संजय लीला भंसाली के साथ काम करना चाहती हैं। अनन्या ने जेद्दाह में रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में भाग लिया। डेडलाइन के साथ एक इंटरव्यू के दौरान, उन्होंने कहा कि फिल्म निर्माता करण जौहर ने उन्हें एक्टर बनने के लिए प्रेरित किया। उनके इंटरव्यू का वीडियो रेडिट पर है। अनन्या ने कहा कि कभी खुशी कभी गम और कुछ कुछ होता है ने उन्हें एक्टर बनने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने कहा, यह बॉलीवुड की वह बड़ी फिल्म थी जिसके बारे में आप जानते हैं, मैं सभी गानों को रीक्रिएट करते हुए, डांस करते हुए और गाते हुए बड़ी हुई हूं और मुझे लगता है कि उन्होंने मुझे एक एक्ट्रेस बनने के लिए प्रेरित किया। यह पूछे जाने पर कि वह आगे किन निर्देशकों के साथ काम करना चाहती हैं, अनन्या ने जवाब दिया- संजय लीला भंसाली के साथ काम करना पसंद करूंगी। अगर मैं विश्व स्तर पर किसी को चुन सकूं, तो मैं कहूंगी... टारनटिनो। मैंने सुना है कि वह अपनी आखिरी फिल्म बना रहे हैं और मुझे किसी भी तरह उनकी 10वीं फिल्म में शामिल होना है। वर्कफ्रंट की बात करें तो अनन्या आखिरी बार आयुष्मान खुराना के साथ ड्रीम गर्ल 2 में नजर आई थीं। उनकी अगली फिल्म खो गए हम कहां है।






# ऋषभ शेट्टी बोले- दबाव में काम नहीं कर सकता

बीते वर्ष ब्लॉकबस्टर फिल्म कांतारा देने वाले ऋषभ शेट्टी अब इसके प्रीक्वल कांतारा 2 को लेकर चर्चा में हैं। पहली फिल्म देखने के बाद ऋषभ से दर्शकों की उम्मीदें बंधी हुई हैं। लेकिन, खुद ऋषभ का कहना है कि वे सफलता के पीछे दौड़ना पसंद नहीं करते, बल्कि अपने काम पर फोकस करते हैं। ऋषभ शेट्टी के मुताबिक वे दबाव में काम नहीं कर सकते हैं। ऋषभ शेट्टी का कहना है, मैं खुद को किसी के सामने साबित नहीं करना चाहता। अगर आप ऐसा करने की कोशिश करते हैं तो ये सबसे बड़ा बोझ है। मुझे नहीं लगता कि अगर मैं कांतारा की सफलता का बोझ अपने सिर पर लूंगा तो मैं ईमानदारी से काम कर पाऊंगा। मैं दबाव में काम नहीं कर सकता। मेरा फोकस लोगों को एक अनोखा अनुभव प्रदान करना है। ऋषभ ने आगे कहा, मुझे किसी तरह की उम्मीद आदि नहीं हैं। मैं हर फिल्म के साथ सफलता का पीछा नहीं कर रहा हूं। कांतारा के साथ भी ऐसा इरादा नहीं था। अगर मैं ऐसा करूंगा तो मैं अपनी कहानियां कहने से भटक जाऊंगा। मेरी कोशिश हमेशा दर्शकों के सामने कहानी में नवीनता पेश करने की होती है। बता दें कि फिल्म कांतारा के लेखन का जिम्मा भी ऋषभ शेट्टी ने संभाला। मेकर्स ने बीते दिनों कांतारा 2 का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया था। हाल ही में कर्नाटक के कुंडापुरा के एक ऐतिहासिक मंदिर में फिल्म की मुहूर्त पूजा भी कराई गई।

# नीना गुप्ता की ईमानदारी मुझ पर असर करती है

अभिनेता जैकी श्रॉफ आगामी फिल्म मस्त में रहने का में नजर आने वाले हैं। उन्होंने बताया कि फिल्म के दोनों सह-कलाकार नीना गुप्ता और मैं अभिनय के बहुत अलग स्कूलों से आते हैं और उनकी ईमानदारी उन पर असर डालती है। मस्त में रहने का एक स्ट्रीमिंग फिल्म है, जिसे विजय मौर्य ने लिखा और निर्देशित किया है। जैकी और नीना को पिछली बार आठ साल पहले एक लघु फिल्म खुजली में देखा गया था, जिसमें एक मध्यम आयु वर्ग के जोड़े की गुप्त इच्छाओं और छिपी हुई कल्पनाओं को दिखाया गया था। ऐसे युग में जहां सभी का ध्यान उभरते अभिनेताओं पर है, ये दोनों दिग्गज स्क्रीन पर अपनी केमिस्ट्री से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने में कामयाब रहे हैं। नीना के साथ काम करने के बारे में बात करते हुए जैकी ने कहा, हम सीखने के दो अलग-अलग स्कूलों से आते हैं। वह नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा से हैं। वह एक सम्मानित और प्रतिष्ठित कलाकार हैं जबकि मैंने सेट पर अपनी कला सीखी है। उन्होंने कहा, तो निश्चित रूप से विपरीत चीजें आकर्षित करती हैं, मैं उससे सीखता हूं और मुझे नहीं पता कि वह मुझसे कुछ सीख सकती है या नहीं, लेकिन, उनकी ईमानदारी मुझ पर प्रभाव डालती है। लेकिन जब हम स्क्रीन पर एक साथ आते हैं तो हमें एक-दूसरे के बारे में शानदार समझ होती है। मुझे लगता है कि हमारी केमिस्ट्री खूबसूरती से मिश्रित है और दर्शक भी इसे महसूस करते हैं। मस्त में रहने का, को मेड इन मौर्य के बैनर तले निर्मित किया गया है, और यह प्यार और जीवन में दूसरे मौके, क्षमा और मोचन के सार्वभौमिक विषयों पर आधारित है। कहानी एक मार्मिक ओडिसी है, जो इस गहन अहसास को दर्शाती है कि जीवन एक खजाना है। नीना ने कहा कि वह और जैकी कई सालों बाद वापस आ रहे हैं। उन्होंने कहा, खुजली' के बाद, पंद्रह मिनट की फिल्म जिसे हर किसी ने पसंद किया, कम से कम जो कोई भी इसे देख सकता था। हमें ऐसा करने में बहुत मजा आया और मस्त में रहने का करने में हमें और भी ज्यादा मजा आया।





# ये वास्तविक जीवन से जुड़ी कहानियों का दौर

**फिल्म अभिनेता मनोज बाजपेयी ने कहा कि आम आदमी वास्तविक जीवन से जुड़ी कहानियों को पसंद करते हैं। अमेरिका में ऐड-ऑन के जी5 ग्लोबल लॉन्च पर एक पैनल चर्चा के दौरान, मनोज को अन्य लोगों के साथ इस बारे में बात करते हुए देखा गया कि कैसे फिल्म निर्माताओं को वास्तविक जीवन से जुड़ी फिल्मों के लिए प्रोत्साहित किया जाए।**

मनोज ने कहा, जब मैं महेश भट्ट के साथ काम कर रहा था तो मैं उन्हें असिस्ट भी कर रहा था। मैंने तमन्ना में एक भूमिका निभाई है, हम एक साथ काफी समय बिताते थे। वह ऐसा समय था जब मुझे याद है कि मैंने उनसे कहा था कि हमारा सिनेमा चल रहा है क्योंकि हमारे नायक दर्शकों की तरह नहीं दिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह एक खतरा है और महेश साहब इस बारे में अपनी राय देंगे कि मैंने हमेशा इस मुद्दे पर उनसे लड़ाई की और फिर मैं गलत साबित होने लगा, क्योंकि यह दर्शकों और उनके जीवन से दूर रहा। मनोज ने कहा, फिल्म बड़ी होने लगी और फिल्म को इतनी सफलता मिलने लगी कि वे सभी लोग और फिल्म निर्माता जो वास्तविक कहानियों के लिए जाने जाते थे, उनके होश उड़ने लगे और विदेशों में शूटिंग बढ़ने लगी। मनोज ने याद किया कि कैसे उन्हें न्यूयॉर्क में एक भूमिका की पेशकश की गई थी और उन्हें मना करना पड़ा था और कहा था- मुझे ऐसा लग रहा था कि मैं उनमें से किसी की तरह नहीं दिखूंगा, इसलिए मुझे यह भूमिका मत दो। यह एक हताश कदम था जिसे मैं देख सकता था। वह एक आकांक्षापूर्ण समय था। यह बिल्कुल स्पष्ट था कि अधिकांश आबादी कुछ और बनने की आकांक्षा रखती थी। आगे कहा, किसी गैर-फिल्मी शख्स ने मुझे यह बताया कि आरआरआर और पुष्पा के बाद वे अल्लू अर्जुन और एनटीआर का जश्न मना रहे हैं। आरआरआर और पुष्पा के साथ शेष भारत को इसका एहसास हुआ। यह केवल इसलिए है क्योंकि वे उस स्क्रीन पर अपने नायकों को देख सकते थे। उन्होंने कहा, यह एक सबक है। ऐसा नहीं है कि हमें उनकी कहानियों की नकल करना शुरू कर देना चाहिए या वे इसे कैसे बनाते हैं। हमें अपनी कहानी कहने पर कायम रहना चाहिए लेकिन हमारा हीरो दर्शकों के बीच से आना चाहिए, जैसा कि यह अमिताभ बच्चन में था। मनोज को लगता है कि अगर हम लोगों को कहानियां सुनाना शुरू कर दें और अपने नायक को जनता से लें तो चीजें बदल जाएंगी।

# एनिमल के लिए बॉबी ने सीखी थी साइन लैंग्वेज

फिल्म 'एनिमल' लोगों को खूब पसंद आ रही है। फिल्म में विलेन का किरदार निभाने वाले एक्टर बॉबी देओल का पूरी फिल्म में एक भी डायलॉग नहीं था। उन्हें केवल साइन लैंग्वेज में ही बात करनी थी। एक इंटरव्यू के दौरान बॉबी देओल ने बताया कि मैं हमेशा से एक ऐसा किरदार निभाना चाहता था जो मेरे कम्फर्ट जोन से बाहर हो। मैं चाहता हूं कि मैं और ज्यादा चैलेंजिंग काम करूं। क्योंकि ऐसा करने से आपके अंदर छिपा टैलेंट बाहर आता है। मेरे साथ भी ऐसा ही हुआ। उन्होंने यह भी कहा कि जब डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा ने उन्हें बताया था कि फिल्म में उनका कोई डायलॉग नहीं है तो वह दंग रह गए। उन्होंने 1 महीने तक साइन लैंग्वेज की ट्रेनिंग ली। बॉबी ने संदीप रेड्डी और रणबीर की काफी तारीफ की।

**संदीप ने कहा मुझे म्यूट रहना है..**

बॉबी देओल ने बताया कि जब संदीप रेड्डी वांगा ने कहा कि आपका किरदार म्यूट है, तो मैंने कहा, क्या? मुझे बोलने की परमिशन ही नहीं है... मेरा मतलब है कि हर कोई मेरे बोलने के तरीके को पसंद करता है और उन्होंने कहा, हां, लेकिन मैं चाहता हूं कि यह किरदार म्यूट हो। बॉबी ने कहा कि ये सुनकर मैं हैरान तो था लेकिन मैंने कहा- ओके ठीक है। एक्टर ने बताया, मुझे नहीं पता था कि मैं इस बारे में कितना गलत सोचता हूं। लेकिन इस म्यूट किरदार ने इसे और मजेदार बना दिया। एक महीने के लिए मैंने साइन लैंग्वेज सीखी और उससे मुझे काफी मदद मिली।

**बॉबी की कड़ी मेहनत रंग लाई**

बॉबी देओल ने आगे कहा, मैं नहीं चाहता था कि ऐसा लगे कि यह मेरी बॉडी लैंग्वेज का हिस्सा नहीं है। मैं साइन लैंग्वेज में बात कर रहा था। इसी कारण यह ज्यादा इंटरेस्टिंग था। इससे मेरा यह फायदा भी हुआ कि कहीं न कहीं इससे लोगों का ध्यान मेरे ऊपर ज्यादा आया। बॉबी ने रणबीर कपूर और डायरेक्टर की तारीफ की। कहा, बहुत ही मजा आया और एनिमल के सेट पर मैंने हर पल को इंजॉय किया। मुझे संदीप रेड्डी बहुत ज्यादा पसंद आए। वह बहुत ही शानदार डायरेक्टर हैं और मैं रणबीर को भी पसंद करता हूं। वह एक मैजिकल आर्टिस्ट हैं। उन्होंने कहा- इतने बड़े स्टार होने के बावजूद वह जमीन से जुड़े हुए बहुत साधारण स्वभाव के व्यक्ति हैं। जब आप उनके साथ काम करते हैं तो वह आपको खास महसूस कराते हैं। वह बहुत ही सिंपल हैं, उनके साथ काम करने का अनुभव बहुत ही अद्भुत है।



# एनईए ने एसीईओ को सौंपा 21 सूत्रीय ज्ञापन

## नोएडा प्राधिकरण के 400 कर्मचारियों ने मांगा ग्रेटर नोएडा में भूखंडों पर कब्जा

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा एम्पलाइज एसोसिएशन (एनईए) की आम सभा में एक बार फिर 400 कर्मचारियों के लिए आरक्षित श्रेणी में लाई गई आवासीय भूखंडों की योजना में भूखंडों पर कब्जा दिलवाने की मांग नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी से की गई है।



नोएडा के सेक्टर-6 स्थित नोएडा प्राधिकरण के मुख्य प्रशासनिक भवन परिसर में आयोजित आम सभा में नोएडा एम्पलाइज एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष चौ. राजकुमार सिंह ने बताया कि नवनिर्वाचित कार्यकारिणी द्वारा प्राधिकरण कर्मचारी के हितों से संबंधित 21 सूत्रीय मांग पत्र आमसभा के दौरान प्राधिकरण अधिकारियों के सम्मुख रखा गया है।

मांग पत्र को नोएडा प्राधिकरण की अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (ACEO) वंदना त्रिपाठी को सौंपा गया है। मांग पत्र में मांग की गई है कि नोएडा प्राधिकरण के कर्मचारियों के लिए आरक्षित श्रेणी में लाई गई आवासीय भूखंड योजना 2011 के अंतर्गत ग्रेटर नोएडा के सेक्टर 5 में आवंटित भूखंडों पर कब्जा दिलाया जाए। इसके साथ ही सेवानिवृवत्त कर्मचारियों को नियमित कर्मचारियों को कैशलेस सुविधा दी जाए। प्राधिकरण में अनुकंपा के आधार पर नियुक्त कर्मचारियों को नोएडा, ग्रेटर नोएडा व यमुना प्राधिकरण में आवासीय भूखंड दिलवाए जाएं। इसके साथ ही वेतन विसंगतियों को दूर करने के लिए कमेटी का गठन करते हुए एक माह के भीतर उसका निस्तारण किया जाए तथा प्राधिकरण के कर्मचारियों को मिलने वाले चिकित्सा भत्ता, धुलाई भत्ता, तेल साबुन भत्ता, जलपान चाय भत्ता व वाहन भत्ते में इजाफा किया जाए। इसके अलावा शनिवार को मिलने वाले ओवरटाइम को 1200 रुपये से बढ़ाकर 2500 रुपये किया जाए। इन मांगों के अलावा अन्य कई मांगे भी मांगपत्र में शामिल है।

इस दौरान एसोसिएशन अध्यक्ष चौ. राजकुमार सिंह, महासचिव जितेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र शर्मा, वीरपाल चौधरी, सचिव नीरज राणा, अमित कुमार, कोषाध्यक्ष सुभाष चंद्र, धर्मपाल भाटी, राहुल कुमार, राम अवतार शर्मा, श्रवण कुमार, राकेश भाटी, प्रमोद यादव, मदन शर्मा, अमरजीत सिंह, रजनी रानी, जगपाल चौधरी बिजेंद्र शर्मा, प्रमोद कुमार, दीपक चौहान आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

**सशस्त्र सेना झण्डा दिवस**



सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को उनके सरकारी आवास पर फ्लैग लगाया गया।

## 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' में योजनाओं की बताई खूबियां



**नोएडा (चेतना मंच)।** निठारी में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के दूसरे दिन क्षेत्रीय मंत्री बिजेंद्र नागर, पूर्व प्रदेश मंत्री नबाब सिंह नागर और महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने लोगों को केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी दी।

इस मौके पर विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए थे, जहां पर स्थानीय लोगों द्वारा जानकारी प्राप्त की गई। जिनमे जल शक्ति विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, हस्तशिल्प विभाग, हथकरघा विभाग आदि शामिल थे।

बिजेंद्र नागर ने कहा कि इस यात्रा का मकसद सरकारी योजना के पात्र लाभार्थियों की खोज करना है जो अभी तक इससे वंचित रहे हैं। इस यात्रा के जरिए उन पत्रों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाएगा।

शाम को ये यात्रा सेक्टर-27 अट्टा मार्केट में रही। जहां मुख्य अथिति के रूप में पूर्व प्रदेश मंत्री नबाब सिंह नागर रहे। यहाँ भी लाभार्थियों को सरकार की सभी योजनाओं को विस्तार से बताया गया।

कार्यक्रम में मण्डल अध्यक्ष लोकेश कश्यप, जिला महामंत्री उमेश त्यागी, गणेश कुमार, जिला उपाध्यक्ष मनीष शर्मा, युद्धवीर चौहान, प्रमोद बहल, एसपी चमोली, मंडल अध्यक्ष गोपाल गौड़, अशोक मिश्रा, सुचित्रा कक्कड़ सोशल मीडिया प्रमुख, भाजयुमो अध्यक्ष रामनिवास यादव, संजय बैंसला, महेंद्र कटारिया सहित जिला व मंडल के अन्य पदाधिकारगण उपस्थित रहे।

## नोएडा मीडिया क्लब क्रिकेट टूर्नामेंट कल से

### 8 टीमें लेंगी हिस्सा, 17 दिस. को होगा फाइनल



**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा मीडिया क्लब द्वारा आयोजित नोएडा मीडिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट शनिवार से सेक्टर-122 स्थित एनसीआर स्पोर्ट्स ग्राउंड पर खेला जाएगा। नोएडा मीडिया क्लब के अध्यक्ष पंकज पराशर ने बताया कि टूर्नामेंट में आठ टीमें प्रतिभाग कर रही है। टूर्नामेंट नाकआउट प्रारूप में खेला जाएगा। नौ व 10 दिसंबर को लीग चरण के मैच खेले जाएंगे। 16 दिसंबर को दोनों सेमीफाइनल व 17 दिसंबर को फाइनल मैच खेला जाएगा। प्रतिभाग करने वाली टीमों में दैनिक जागरण, नोएडा मीडिया क्लब, स्पोर्ट्स तक, जी न्यूज, टीवी 9 डिजीटल, नेटवर्क 18, नेटवर्क 10 व एनईए शामिल हैं। नेक्सजेन एनर्जिया, रिनाउंड ग्रुप, एचआरडी ग्रुप, यएफलेक्स, नैक नोएडा अपरैल, आइसीसीपीएल, प्रकाश हास्पिटल, मदरलैंड हास्पिटल, मैत्री एक परिचय, नवरत् फाउंडेशन, युवा क्रांति सेना, स्टील कंपनी, डेलिजेंट बिल्डर्स, रिद्धि-सिद्धि पेपर्स, मोबाइल हाउस टूर्नामेंट के स्पांसर है। इस मौके पर नोएडा मीडिया क्लब के अध्यक्ष पंकज पाराशर खेल समिति के लोकेश चौहान, रिंकू यादव, इकबाल चौधरी, सौरभ राय समेत अन्य मौजूद रहे।

## 'दीदी की रसोई' की पुलिस कमिश्नर ने की सराहना



**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा में जरूरतमंद लोगों को भरपेट भोजन कराकर उनकी अनूठी सेवा कर रही 'दीदी की रसोई' की अब नोएडा की पुलिस कमिश्नर श्रीमती लक्ष्मी सिंह ने भी सराहना की है। 'दीदी की रसोई' के द्वारा नोएडा में जगह-जगह भंडारा लगाकार मुफ्त खाना वितरित किया जाता है।

'दीदी की रसोई' ट्रस्ट की अध्यक्ष रितु सिन्हा ने बताया कि मजदूरों के नेता व कोषाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा व अन्य सहयोगियों की मदद से संस्था द्वारा गरीब व जरूरतमंद लोगों की सेवा की जाती है। पिछले कुछ सालों से 'दीदी की रसोई' के जरिए हजारों लोगों को भोजन उपलब्ध कराया गया है।

संस्था द्वारा प्रतिदिन नोएडा की स्लम एरिया व अन्य स्थानों पर भंडारा लगाकर मुफ्त भोजन उपलब्ध कराया जाता है। नोएडा (गौतमबुद्धनगर) की पुलिस कमिश्नर श्रीमती लक्ष्मी सिंह ने मिशन शक्ति 0.4 के अंतर्गत सामाजिक कार्यों में जुटी 'दीदी की रसोई' के संचालकों को सेक्टर-108 स्थित नोएडा पुलिस कमिश्नर कार्यालय में सम्मानित किया गया। नोएडा पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने 'दीदी की रसोई' के संचालकों को सराहते हुए कहा कि सामाजिक दायित्वों को निभाने में संस्था की भूमिका सराहनीय है। इस दौरान ट्रस्ट की वरिष्ठ पदाधिकारी गुडिया देवी, पूजा अवाना, रेखा चौहान मौजूद रहे।

## पुरानी पेंशन बहाली का लिया संकल्प

**नोएडा (चेतना मंच)।** अटेवा पुरानी पेंशन बचाओ मंच गौतमबुद्धनगर ने जिला मुख्यालय पर पेंशन पुरूष शहीद स्व0 डॉ0 राम आशीष की 7वीं पुण्यतिथि को शहादत दिवस के रूप मे मनाया। इस अवसर पर पुरानी पेंशन बहाली का संकल्प लिया ।

गौतमबुद्धनगर अटेवा जिला संयोजक रविन्द्र सिंह ने कहा कि 7 दिसम्बर 2016 को प्रदेश की राजधानी लखनऊ मे पेंशन वीर पुरानी पेंशन की मांग को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे मगर पुलिस द्वारा शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे पेंशनवीरो पर लाठीचार्ज किया गया और हमारे बहादुर साथी डॉ. राम आशीष उस लाठीचार्ज मे शहीद हो गये। डॉ0 राम आशीष के बलिदान को अटेवा बेकार नही जाने देगी । इस संघर्ष को निरंतर आगे बढ़ाती रहेगी ।

इस अवसर पर संरक्षक हरलाल, जिलाध्यक्ष विनोद नागर, (राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ) मानवेन्द्र भाटी, (जिला प्रवक्ता ) अशोक भाटी (ब्लॉक अध्यक्ष दनकौर) प्रमोद कुमार (जिला उपाध्यक्ष) जिला संगठन मंत्री डॉ0 दिनेश बाबू, रामप्रवेश पाल (महामंत्री) रोहतास (ब्लॉक दादरी अध्यक्ष) बृजलाल (जिलाध्यक्ष ) ताहिर हुसैन (जिला मंत्री) भूरा सिंर (मंडल संगठन मंत्री) सतेन्द्र (ब्लॉक अध्यक्ष बिसरख) राजीव भाई नवादा (समाजसेवी) रमेश बेनिवाल, मिन्टू, धर्मपाल जगदीश, धर्मवीर, आदेश, छत्रपाल, टीटू व अन्य लोगों ने भारी संख्या में सम्मिलित होकर पेंशन शहीद को श्रद्धांजली अर्पित की व संकल्प लिया ।



## देश की इस प्रसिद्ध संस्था ने नोएडा में खोला 'शी कैन सेंटर फॉर एक्सीलेंस'

**नोएडा (चेतना मंच)।** देश की प्रसिद्ध संस्था फिक्की लेडीज आर्गेनाइजेशन (एफएलओ) ने महिला उद्यमियों की सहायता तथा कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए नोएडा में अपना एक सेंटर खोला है। एफएलओ की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री सुधा शिवकुमार ने इस केन्द्र का उदघाटन किया। देश में महिला व्यवसायी की सहायता व उन्हें बढ़ावा देने के उददेश्य को लेकर कार्य कर रही फिक्की लेडीज आर्गेनाइजेशन को विभिन्न क्षेत्रों से उद्यमियों के समर्थन से बड़ा नेटवर्क खड़ा किया है। अब यंग फिक्की लडीज आर्गेनाइजेशन (वाईएफएलओ) के सहयोग से नोएडा के सेक्टर-8 में 'शी कैन सेंटर फॉर एक्सीलेंस' शुरू किया गया है। इस सेंटर में ज्ञान, कौशल, मार्गदर्शन और समग्र विकास को बढ़ावा दिया जाएगा। सेंटर के माध्यम से महिलाओं में आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ अपना रास्ता बनाने के लिए सक्षम बनाया जाएगा।



## जेवर एयरपोर्ट को देश के हर कोने से जोड़ा जाएगा, बिछेगी नई रेल लाइन

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** यूपी के ग्रेटर नोएडा शहर की बगल में जेवर एयरपोर्ट बन रहा है। जेवर एयरपोर्ट के नाम से प्रसिद्ध हो चुके इस एयरपोर्ट का नाम नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट रखा गया है। जेवर एयरपोर्ट भारत का सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा। जेवर एयरपोर्ट से वर्ष-2024 में फ्लाइट उड़ने लगेगी। इस बीच जेवर एयरपोर्ट को देश के हर कोने से कनेक्ट करने की योजना बनाई गई है।

जेवर एयरपोर्ट को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र एनसीआर के हर शहर से जोड़ने पर पहले ही काम शुरू हो चुका है। अब रेलवे लाइनों के जरिए जेवर एयरपोर्ट को देश के हर कोने से जोड़ने की योजना बना ली गई है। इसी योजना के तहत नोएडा इंटरनैशनल एयरपोर्ट को रैपिड रेल से हाईस्पीड कनेक्टिविटी मिलेगी। जेवर एयरपोर्ट को रेलवे लाइन से कनेक्टिविटी देने के लिए 47 किमी. लंबी रेलवे लाइन बिछाने के प्रस्ताव को रेलवे मंत्रालय ने मंजूरी दे दी है। इसके लिए डीपीआर बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। इस प्रस्ताव के तहत 47 किमी. लंबी नई रेलवे लाइन बिछाई जाएगी। इसमें करीब 20 किमी. लंबी रेलवे लाइन चोला रेलवे स्टेशन से जेवर एयरपोर्ट तक बिछेगी और 27 किमी. लंबा ट्रैक एयरपोर्ट से पलवल तक बिछाया जाएगा। बताया जा रहा है कि इस रेल लाइन से आयात निर्यात को रफ्तार मिलेगी।



इस 47 किमी. की रेलवे लाइन बनने से दिल्ली-कोलकाता रेलमार्ग के चोला रेलवे स्टेशन से और दिल्ली-मुंबई रेलमार्ग में पलवल स्टेशन तक वाया जेवर एयरपोर्ट होते हुए कॉरिडोर बन जाएगा। इस कॉरिडोर में जेवर में बड़ा रेलवे स्टेशन बनाया जाए। नए रेलमार्ग के बनने से यहां के निवासियों की दिल्ली, कोलकाता, मुंबई, हरियाणा, राजस्थान समेत तमाम राज्यों तक पहुंच आसान हो जाएगी।

दिल्ली-कोलकाता रेलमार्ग के बराबर से डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर भी है। चोला रेलवे स्टेशन के पास यह नए रेलमार्ग से जुड़ जाएगा। न्यू दादरी में ईस्टर्न और वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर मिल रहे हैं। इसका फायदा जेवर एयरपोर्ट और उद्योगों को मिलेगा। नए ट्रैक पर वंदे भारत जैसी फास्ट ट्रेन चलाने का प्रस्ताव है।

दिल्ली हावड़ा रेल लाइन पर गाजियाबाद, दादरी, बोड़ाकी और दनकौर के आगे चोला स्टेशन है। यहीं से 20 किमी लंबी रेल लाइन जेवर एयरपोर्ट तक बिछाई जाएगी। इससे गाजियाबाद और आनंद विहार से एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी हो जाएगी। जेवर एयरपोर्ट पर कार्गो का बड़ा हब बनेगा। इस रेल लाइन में माल ढुलाई भी आसान हो जाएगी। जेवर इंटरनैशनल एयरपोर्ट के पास बड़ा रेलवे स्टेशन बनाने की प्लानिंग है। यहां से सीधे पलपल के लिए 27 किमी. की नई रेलवे लाइन बिछाई जाएगी। इस तरह दो अलग-अलग रेलवे लाइन बनाने पर कुल 47.6 किमी. लंबी नई रेलवे लाइन बिछाई जाएगी। इससे हरियाणा के यात्रियों के साथ ही वहां के उद्योगों को बड़ा फायदा होगा।

चोला रेलवे स्टेशन से जेवर में बन रहे जेवर एयरपोर्ट तक 75-75 मीटर चौड़े दो हाईवे भी बनाए जाने हैं। इनका प्रस्ताव पहले ही पास हो चुका है। इनमें एक एक्सप्रेसवे 20 किमी. लंबा और दूसरा 16 किमी. लंबा होगा। दोनों हाईवे के बीच में करीब ढाई किमी. की दूसरी होगी और इस ढाई किमी. की दूरी के बीच में ही रेलवे लाइन बिछेगी और बड़े-बड़े लॉजिस्टिक हब व वेयरहाउस स्थापित कराए जाएंगे। यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के सीईओ अरुणवीर सिंह ने बताया कि शासन से भेजे गए इस नई रेलवे लाइन के प्रस्ताव को अब रेल मंत्रालय ने मंजूर कर लिया है। इसके लिए डीपीआर बनाने का काम चल रहा है। उम्मीद की जा रही है कि जनवरी तक इसके लिए डीपीआर बनकर तैयार हो जाएगी।

## तीन वर्षों से कुंडली मारे बैठे कर्मचारियों के विभागों में हुआ व्यापक फेर-बदल

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण से इस समय बड़ी खबर आ रही है। नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डा. लोकेश एम के निर्देश पर नोएडा प्राधिकरण में कई अफसरों व कर्मियों के विभाग बदल दिए गए हैं। नोएडा प्राधिकरण में प्रबंधक से लेकर उप प्रबंधक व सहायक प्रबंधक स्तर पर अधिकारियों के कार्यक्षेत्रों में बड़ा बदलाव किया गया है। प्राधिकरण में कुल 35 कर्मचारियों के विभागों में बदलाव किया गया है।

नोएडा प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी वंदना त्रिपाठी ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। आदेश के तहत नोएडा प्राधिकरण में तैनात प्रबंधक (प्रा.सा.) पदम सिंह को कंप्यूटर सेल के अलावा आवासीय भवन तथा सहायक महाप्रबंधक सिस्टम की अवकाश अवधि में बोर्ड मीटिंग, औद्योगिक विभाग के आनलाइन कार्यों तथा निवेश मित्र संबंधी कार्य के अलावा सेक्टर 155 में नवनिर्मित गोल्फकोर्स के आनलाइन गोल्फकोर्स सदस्यता संबंधी शिकायतों व आपत्तियों के निस्तारण का कार्य भी सौंपा गया है।

उप महाप्रबंधक अशोक शर्मा से कार्मिक विभाग लेकर उन्हें इंफ्रास्ट्रक्चर व एम्युनिटी टैक्स एवं ग्रुप हाउसिंग विभाग में भेजा गया है। प्रबंधक आलोक कुमार अग्रवाल अब कार्मिक विभाग, आवासीय भूखंड एवं स्वागत कक्ष कॉल सेंटर विभाग का काम देखेंगे। कनिष्ठ सहायक श्रीमती प्रवीन सिंह को आवासीय भवन, प्रोग्रामर पंकज वर्मा को विशेष कार्याधिकारी एमपी कार्यालय, कनिष्ठ सहायक गोपाल दास को संस्थागत, डॉटा एंट्री



आपरेटर श्रीमती रूबि को संस्थागत, सहायक इशान जैन को संस्थागत, सहायक रामेश्वर दयाल को आवासीय भवन, कनिष्ठ सहायक निशांत कूमार सिंह को ग्रुप हाउसिंग, विशेष सहायक राहुल कुमार को आवासीय भवन, कनिष्ठ सहायक राजकुमार को आवासीय भवन, सहायक आनंद राव अशोक को वाणिज्यक, कनिष्ठ सहायक श्रीमती सिप्पी अहमद को ग्रुप हाउसिंग, डॉटा एंट्री आपरेटर श्रीमती रजनी रानी को आवासीय भूखंड विभाग में भेजा गया है।

इसके अलावा कनिष्ठ सहायक जितेंद्र मिश्रा को सामान्य प्रशासन, अमित शर्मा को खेल परिसर, श्रीमती कविता को वेतन एवं बिल, श्रीमती शशि को स्वागत कक्ष, निशा को नियोजन विभाग, सहायक अनिल कुमार को नियोजन विभाग, कनिष्ठ सहायक बलवंत सिंह को आरडब्ल्यूए, अनुरक्षक सदन प्रजापति ग्रुप हाउसिंग, उद्यान कर्मी पारस राम को अ. म. क. एसके, सहायक प्रबंधक अरविंद कुमार को वर्क सर्किल 5 के साथ सहायक प्रबंधक उद्यान का प्रभार भी सौंपा गया है। डॉटा एंट्री आपरेटर रवि कुमार को कार्मिक विभाग के साथ ग्रुप हाउसिंग, प्रबंधक सिविल अभिषेक गौतम को प्रबंधक वर्क सर्किल 5, श्रीमती एकता भारद्वाज को महाप्रबंधक जल, श्रीमती प्रमिला को महाप्रबंधक नियोजन, सहायक प्रबंधक विजय कुमार को सहायक प्रबंधक वर्क सर्किल 1, प्रबंधक सुमित कुमार नायक को नियोजन विभाग के साथ प्रबंधन सिविल, प्रदीप कुमार को जनस्वास्थ्य 1, प्रबंधक गौरव बंसल को अपने पूर्व के कार्यों के साथ साथ प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक वि/या खंड 1 अतिरिक्त कार्य, सहायक प्रमोद कुमार को औद्योगिक विभाग तथा श्रीमती सारिका गुप्ता को औद्योगिक विभाग से हटाकर ग्रुप हाउसिंग विभाग में भेजा गया है। तबादला किए गए सभी कर्मचारी तत्काल प्रभाव समझे जाएंगे और उनका वेतन नई तैनाती पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से लागू होगा।